हरिभूमि

संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शनिवार 11 जनवरी 2025

[राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव]

लक्षण दिखने पर सैंपल लेकर जांच के लिए भेजेंगे रायपुर एम्स

एचएमपीवी को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट सर्दी-खांसी वाले मरीजों की बन रही सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कोरोना वायरस के बाद अब एक नया संक्रमण एचएमपीवी को लेकर देशभर में अलर्ट जारी हो गया है। प्रदेश सरकार ने भी सभी जिलों को इस ओर सतर्क रहकर काम करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। जिसके बाद जिला स्वास्थ्य विभाग भी हरकत में आ गया है।

सीएमएचओ डॉ. नवरत्न ने जिले के सभी सरकारी अस्पतालों एवं सामुदायिक केंद्रों को आदेश जारी कर सर्दी-खांसी वाले मरीजों की सूची बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही एचएमपीवी के लक्षण होने पर संबंधित व्यक्ति का सैंपल लेकर जांच के लिए उसे राजधानी रायपुर स्थित एम्स भेजा जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार मौजूदा स्थिति में इसकी जांच के लिए जिले में कीट नहीं उपलब्ध कराई गई है। उल्लेखनीय है कि कोरोना के बाद इस सर्दियों में एचएमपीवी वायरस के संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। चाइना के बाद यह वायरस दुनियाभर में फैल रहा है। देशभर में लगातार ह्यूमन मेटा न्यूमोनिया वायरस यानि एचएमपीवी के मामले सामने आ रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार अब तक 13 मामलों की पुष्टि देशभर में इस वायरल को लेकर हो चुकी है। इसके मद्देनजर जिले में भी स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। हालांकि यह वायरस कोविड-19 जितना खतरनाक नहीं, लेकिन फिर भी लोगों के स्वास्थ्य को लेकर सावधानी बरती जा रही है।

एचएमपीवी को लेकर जारी प्रोटोकॉल के अनुसार ही होगा संदिग्धों का इलाज

खास बातें

- मौसम में बदलाव के बाद वायरल के मरीजों की संख्या बढ़ी
- बच्चो के संक्रमित होने की संभावना अधिक
- स्वास्थ्य विभाग ने सभी हेल्थ सेंटरों को जारी किए निर्देश

की जा रही मॉनिटरिंग

प्रदेश स्तर से निर्देश मिलने पर तत्काल जिले के सभी हेल्थ सेंटरों को गाईड लाइन जारी कर दी गई है। सर्दी-खांसी वाले मरीजों का रिकार्ड मेंटेन हो रहा है। संदिग्ध मिलने पर उसका सैंपल जांच के लिए भेजा जाएगा।

- डॉ. नवरत्न, सीएमएचओ

सभी स्वास्थ्य केंद्रों में अलर्ट

कोरोनाकाल के दौरान देखने को मिला था कि बड़ी संख्या में शहरी इलाकों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी संक्रमित मिले थे। ऐसे में एचएमपीवी को लेकर भी शहरी इलाकों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी सीएचसी एवं पीएचसी केंद्रों को निर्देश जारी कर अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं।

यात्रा से लौटने वालों पर भी नजर

मिली जानकारी के अनुसार दूसरे राज्यों या देशों से यात्रा कर शहर लौटने वालों पर भी नजर रखी जाएगी। प्रदेश शासन से निर्देश मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने रैपिड रिस्पांस टीम को भी अलर्ट कर दिया है। देशभर में तेजी से केस बढ़ने पर बाहर से आने वाले लोगों पर भी नजर रखी जाएगी। सांस संबंधी बीमारी होने पर उनकी जांच और इलाज कराया जाएगा।

यह है वायरल के लक्षण

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एचएमपीवी के कई लक्षण हैं। इनमें सर्दी-जुकाम और नाक बहना, बुखार आना-सांस लेने में परेशानी, खांसी बंद न होना-फेफड़ों में संक्रमण और निमोनिया शामिल है। वहीं विशेषज्ञों के मुताबिक इससे संक्रमित होने से बचने के लिए बाहर से आने पर हाथों को साबुन से धोएं, बार-बार हाथ से नाक और मुंह न छुएं। खांसने और छींक आने पर रूमाल रख लें, मास्क भी लगा सकते हैं। तेज बुखार, सांस लेने में परेशानी होने पर डॉक्टर को दिखाने के बाद ही दवा लें।

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू

कांग्रेस पर्यवेक्षक लेंगे नेताओं की बैठक, भाजपा भी बना रही सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर जहां निर्वाचन विभाग ने अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। वहीं राजनीतिक दल भी एक्टिव हो गए हैं, जहां भाजपा और कांग्रेस ने प्रत्याशी चयन को लेकर अपने प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। वहीं अब आज से दोनों ही दलों में बैठकों का दौर भी शुरू हो रहा है। कांग्रेस में प्रभारी शैलेश नितिन त्रिवेदी आज कोर ग्रुप के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। वहीं भाजपा विधायक रिकेश सेन भी आज जिले के दौरे में रहने वाले हैं।

राजनीतिक दलों से मिली जानकारी के अनुसार अगले एक सप्ताह में ही सभी वार्डों में पैनल तैयार करने का काम कर लिया जाएगा। वहीं 22 से 24 जनवरी के मध्य सभी वार्ड, महापौर को लेकर प्रत्याशियों का नाम ऐलान कर दिया जाएगा। समय की कमी को देखते हुए सर्वे के बजाय कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ नेताओं की सूची पर भी चर्चा कर प्रत्याशी चयन में नाम शामिल किए जाएंगे।

कांग्रेस लेगी दावेदारों से आवेदन

मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस संगठन विधानसभा चुनाव के जैसे ही निकाय चुनाव में भी दावेदारों से आवेदन मंगाएगी। बताया गया कि वार्ड पार्षद के अलावा महापौर, नपा अध्यक्ष और नपं अध्यक्ष पद की दावेदारी कर रहे लोगों को संगठन के जरिये अपना आवेदन पहुंचाना होगा। आवेदन करने वाले नेताओं में से ही तीन नामों का पैनल तैयार कर टिकट फाईनल की जाएगी।

पूर्व सीएम भी आएंगे, शुरू होगी तैयारी

कांग्रेस की आज सुबह 11 बजे एक बैठक आयोजित की गई है। इसमें प्रभारी शैलेश नितिन त्रिवेदी के अलावा पूर्व सीएम भूपेश बघेल, विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे गिरीश देवांगन सहित जिला कांग्रेस अध्यक्ष, शहर कांग्रेस अध्यक्ष, ब्लॉक, युकां एवं एनएसयूआई के अध्यक्ष भी शामिल होंगे। जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं को भी इस बैठक में बुलाया जाएगा।

कांग्रेस पर्यवेक्षक आज लेंगे बैठक

नगरीय निकाय के पर्यवेक्षक शैलेश नितिन त्रिवेदी व राजनांदगांव विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी रहे गिरीश देवांगन की विशेष उपस्थिति कल 11 जनवरी को सुबह 11 बजे स्थानीय कांग्रेस भवन में आवश्यक बैठक लेने आ रहे है। बैठक में कांग्रेस के सभी विंगों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। इस दौरान रायशुमारी की जाएगी।

भाजपा में नेताओं को बांटे जाएंगे क्षेत्र

शहरी इलाकों में होने वाले चुनाव को लेकर भाजपा ने संगठन स्तर पर पहले ही अपनी तैयारियां कर ली है। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जोन बांटकर नेताओं में जिम्मेदारी देने का काम किया जाएगा। इसके साथ ही पार्टी पार्षद पद की दावेदारी कर रहे लोगों के नामों पर विचार कर पैनल तैयार किया जाएगा।

खैरा मंडई आज / खैरा। ग्राम में कल 11 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में निवानी बालोद की छन्नू मन्नु नाच पार्टी का कार्यक्रम होगा। ग्राम के रतिराम मुंजारिया ने यह जानकारी देते हुए अंचल के लोगों से शामिल होने की अपील की है।

गुम मोबाइल पुलिस ने खोजकर लौटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इंटरव्यू दिलाने जा रही एक युवती का मोबाइल व नगदी रकम आटो में गुम गया था। जिसकी सूचना पर पुलिस ने खोजबीन कर मोबाइल एवं नगदी रकम को युवती को लौटाया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 10 जनवरी को एक युवती भावुक होकर सायबर सेल पहुंचकर आप बीती बताई कि अपने घर न्यू बस स्टैंड राजनांदगांव से एक कंपनी में इंटरव्यू दिलाने के लिए आटो से बैठकर निकली थी। वह इंदामरा के पास पहुंचकर आटो से उतरने के पश्चात अपने पर्स में रखे मोबाइल व नगदी रकम नहीं मिला, जो उक्त आटो में गिरना बताई, जिस पर सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार के निर्देश पर आरक्षक हेमंत साहू व अमित सोनी द्वारा तत्काल कार्रवाई करते सीसीटीवी फुटेज खंगालते 1 घंटे के भीतर आटो चालक का पता लगाकर युवती का गुम हुए एक नग मोबाइल कीमती 27,500 रुपए व नगदी रकम 1000 रुपए को बरामद कर युवती को सुपुर्द किया गया, जिस पर युवती द्वारा सायबर सेल टीम को साधुवाद दिया गया।

ढाबा का ताला तोड़कर चोरी

राजनांदगांव। ढाबा का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत यारा ढा ढाबा का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने ढाबा में रखे 3 जनवरी की रात एलईडी टीवी, सेटअप बाक्स, गैस सिलेंडर एवं पान मसाला के पैकेट की चोरी कर ली। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी अजय तेजवानी ने दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

मोहारा थाना क्षेत्र से गायब नाबालिग मिली जबलपुर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव। आपरेशन मुस्कान के तहत गुम बालिका की खोजबीन करते पुलिस ने नाबालिक बालिका को जबलपुर मप्र से बरामद किया व परिजनों को सौंपा।

पुलिस के अनुसार ऑपरेशन मुस्कान के तहत लंबित गुम बालक-बालिकाओं का पतातलाश कर शीघ्र ही बरामद कर दस्तयाब करने हेतु आदेश जारी किया गया है। जिसके पालन में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्मा एवं ओपी मोहारा चौकी प्रभारी निरीक्षक ढाल सिंह साहू द्वारा ओपी मोहारा थाना डोंगरगढ़ के अपराध धारा-137(2) बीएनएस के अपहता जो बिना बताए कहीं चली गई थी। जिसकी कायमी दिनांक से लगातार पता तलाश किया जा रहा था। पता तलाश के दौरान अपहता को 9 जनवरी को जबलपुर (मध्यप्रदेश) से बरामद किया गया है। बरामद करने पर अपहता के परिजन द्वारा खुशी जाहिर करते राजनांदगांव पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

अवैध रूप से गांजा बिक्री करते आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री एवं तस्करी एवं मादर्थ पदार्थ की अवैध रूप से बिक्री के खिलाफ धरपकड़ अभियान तेज कर दिया गया है। जिसके तहत पुलिस ने आरोपी को पकड़कर गांजा बरामद किया एवं कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में जिले में अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुंडा बदमाश और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

⏭ शेष पेज 14 पर

691 ग्राम गांजा बरामद

अभियान कार्रवाई के तहत 8 जनवरी को चौकी चिखली पुलिस द्वारा पुख्ता सूचना के आधार पर गौरीनगर मोड़ के पास अवैध गांजा बिक्री कर रहे आरोपी सलमान खान 20 साल साकिन गौरीनगर वार्ड नं. 13 के कब्जे से 691 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 6900 एवं बिक्री रकम 200 रुपए को जब्त कर विधिवत कार्रवाई किया गया।

मानस गायन आज से

तुमड़ीबोड़। टप्पा के निकटवर्ती ग्राम गिधवा में संत मिलन मानस मंडली और ग्रामीणों के सहयोग से कल 11 और 12 जनवरी को मानस गायन का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम पटेल उभयराम साहू ने यह जानकारी दी।

समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त

डॉ. मयंक जैन
M.B.B.S. (Hons), M.S. Orthopaedics
अस्थि रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
आर्थोस्कोपी और ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी ट्रॉमा
आर्थोस्कोपी और ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
उपलब्ध सुविधाएं
➡ घुटने का प्रत्यारोपण
➡ स्पाइन ट्रॉमा सर्जरी
➡ कंधे का दर्द
➡ कूल्हे का प्रत्यारोपण
➡ आर्थोस्कोपी ACL/PCL
➡ जोड़ों में दर्द
➡ गठिया का इलाज
➡ सभी प्रकार के फ्रैक्चर के प्लास्टर एवं ऑपरेशन
➡ जन्मजात विकार का उपचार
➡ पुराने नहीं जुड़े एवं मवाद वाले फ्रैक्चर और घाव का उपचार
आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा
- अपॉईंटमेंट हेतु संपर्क करें - 077443 56654
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटें
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➡ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➡ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➡ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द
- सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

जिला अध्यक्ष के बाद नए सिरे से होगा संगठन का गठन

कोमल सिंह राजपूत के नाम पर बनी सहमति, जिलाध्यक्ष की घोषणा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला भाजपा अध्यक्ष को लेकर पिछले एक पखवाड़े से मची खींचतान के बीच अब अंततः कोमल सिंह राजपूत के नाम को फाईनल कर लिया गया है। आज उनके नाम की पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच घोषणा भी कर दी जाएगी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक जिला अध्यक्ष को लेकर फंसे पेंच के बाद संगठन ने विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से रायशुमारी की थी। उनसे मिले निर्देश अनुसार ही जिला अध्यक्ष का नाम तय किया गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के दो दर्जन से अधिक जिलों में अध्यक्ष पद को लेकर पिछले सोमवार को ही घोषणा की जा चुकी है, लेकिन राजनांदगांव एवं कवर्धा जिले में अध्यक्ष का पद पार्टी के बीच मचे खींचतान के चलते अटक गया था। इसको लेकर पार्टी की भी किरकिरी होने लगी थी। जिसके बाद अंतिम फैसला विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह पर छोड़ दिया गया था। हालांकि पार्टी के सूत्रों के मुताबिक डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव के लिए एक नाम तय किया था। वहीं कवर्धा जिला अध्यक्ष को लेकर सांसद संतोष पांडे की पसंद को प्राथमिकता देने की बात कही है।

आज पार्टी की बैठक

मिली जानकारी के अनुसार निकाय चुनाव को लेकर बनाए गए भाजपा के संभाग प्रभारी विधायक रिकेश सेन भी जिले के दौरे पर रहने वाले हैं। इस दौरान पार्टी की एक बैठक आहूत की गई है। बताया गया कि इस बैठक में ही जिले के नए भाजपा अध्यक्ष का नाम घोषित कर दिया जाएगा। ज्ञात हो बूथ, मंडल और अब जिला अध्यक्ष की घोषणा के बाद ही नए सिरे से संगठन के बाकी पदों पर नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

उम्र की सीमा तय

उल्लेखनीय है कि भाजपा की राष्ट्रीय संगठन ने पहले ही मंडल अध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्ष तक के पदो के लिए उम्र सीमा तय कर दी थी। यहीं कारण है कि उस उम्र के सीमा में आने वाले नेताओं में से ही नया जिला अध्यक्ष बनाया जा रहा है। वहीं मंडल अध्यक्ष भी तय उम्र सीमा के नेताओं को बनाया गय है।

ASHISH ANNEX
MEN'S | WOMEN'S | KID'S
Discount
MEGA SALE
3 DAYS SPECIAL

RARE RABBIT UPTO 40%
LEVI'S FLAT 50%
BLACKBERRYS BUY 1 GET 1
madame UPTO 40%
Manyavar FLAT 20%
DEAL JEANS FLAT 50%
U.S. POLO ASSN. BUY 1 GET 1
GINI & JONY BUY 3 GET 40%
KIDS WESTERN BUY 5 FLAT 50%
Being Human FLAT 50%
JACK & JONES FLAT 50%
KILLER FLAT 50%
MUFTI BUY 1 GET 1
spykar BUY 1 GET 1
ARROW BUY 1 GET 1
KIDS T- SHIRT FLAT 30%
SALWAR SUIT RUPEES 999/-
SAREE UPTO 50%
KURTI UPTO 50%
KIDS BOYS JEANS FLAT 50%
KIDS GIRLS JEANS FLAT 50%
BLAZER FLAT 50%
AND MANY MORE OFFER
ADDRESS - KAMPTEE LINE, RAJNANDGAON - MO. 9685122033

खबर संक्षेप

मकान का ओटीपी शेयर न करें

डोंगरगढ़। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत मोर जमीन- मोर मकान के तहत प्राप्त निर्देशा अनुसार प्राप्त आवेदनों की आनलाइन एंट्री पीएम आवास योजना के वेब यूनीफाइड पोर्टल में किया जा रहा है। आनलाइन एंट्री करने पर आवेदक के आधार से लिंक मोबाइल में ओटीपी आता है। सीएमओ चन्द्रकांत शर्मा ने आवेदकों से प्राप्त ओटीपी केवल आनलाइन एंट्री करने वाले को देने की अपील की है। सीएमओ ने किसी अन्य व्यक्ति को ओटीपी साझा नहीं करने कहा है ताकि गोपनीय जानकारी का दुरुपयोग होने से रोका जा सके।

रामायण सम्मेलन का समापन

डोंगरगांव। सांगिनकछार में गत दिनों दो दिवसीय रामायण सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें 10 मंडलियों ने भाग लिया। 2 दिनों तक लोगों ने मानस का रसपान किया। अंतिम दिन उद्घोषक ग्वाल प्रसाद यादव को मेमोंटो, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कीर्तन चंद्रवंशी, छबिलाल वर्मा, राम यादव, जितेंद्र सिन्हा, गजेंद्र वर्मा, पुरषोत्तम यादव, गणेश्वर सिन्हा, माखन गोंड, फागव यादव, पंच परमेश्वर कंवर, बिरेंद्र कंवर, सागर वर्मा, उमाशंकर सेन, तुलेश वर्मा, उमेश पटेल, भुनेश्वर वर्मा, सागर वर्मा, दीपक वर्मा, पवन वर्मा आदि मौजूद थे।

टुरीपार में 12 को मड़ई

घुमका। ग्राम टुरीपार में 12 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में राधा कृष्ण छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी दुर्रेबंजारी का कार्यक्रम होगा। ग्राम समिति के रामकृपाल वर्मा ने यह जानकारी दी।

महिला संघ ने मनाया फुले जयंती

डोंगरगढ़। डॉ. आंबेडकर आदिवासी आश्रम शाला बछेराभाटा में महिला सशक्तिकरण संघ ने प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाया। मुख्य अतिथि शाला के संचालक एस जी मेश्राम थे। उन्होंने सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर श्री मेश्राम ने उनके जीवन और संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला। महिला सशक्तिकरण संघ की अध्यक्ष पदमा मेश्राम ने कहा कि उस काल में स्त्रियों की दशा बेहद खराब थी। धार्मिक पाखंड, अंधविश्वास, रूढ़िवाद, अस्पृश्यता, बहु विवाह, बाल विवाह के नाम पर महिलाओं को प्रताड़ति किया जाता था। संरक्षक नलिनी मेश्राम ने बताया कि पत्नी को पति की मृत्यु के बाद सती प्रथा के नाम पर जलाया जाता था। विधवा का सिर मुंडवाकर एसे एक समय खाने दिया जाता था। इस मौके पर राधिका जांघेल, अनमोल बौद्ध, जायीबाई संडे ने भी संबोधित किया। इस दौरान शाला के छात्रों को सामान्य ज्ञान परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने पर संघ की ओर से मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में एसके आजाद, सविता मेश्राम, अनुपमा लाडके, किरण मेश्राम सहित अन्य मौजूद थे।

लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ

डोंगरगढ़। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन शहर में किया जा रहा है। यह मोबाइल मेडिकल यूनिट हर वार्ड में जाकर सुबह 8 से 3 बजे तक कैंप लगाकर अपनी सेवा देती है। इस युनिट में डॉक्टर, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट एवं नर्स रहती है। इसमे करीब 41 प्रकार के टेस्ट होते हैं। डॉक्टर द्वारा जांच के बाद मरीजों को दवाई दिया जाता है।

दो दिवसीय मानस महोत्सव आज से

मुसराकला। ग्राम कुम्हडाटोला में कल 11 जनवरी से दो दिवसीय मानस महोत्सव आयोजित है। तहसील साहू संघ लालबहादुर नगर के अध्यक्ष लक्ष्मण साहू ने बताया कि जय मां शीतला मानस आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में मानस महोत्सव आयोजित है। आयोजन समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, उपाध्यक्ष नवीन कोसा, सचिव जयसिंह कोसा, कोषाध्यक्ष देवगन कोर्राम, कार्यकारी अध्यक्ष खेमलाल पटेल, संयोजक वीरेंद्र सिंह राजपूत, संगठन मंत्री सुनील कंवर ने उपस्थिति की अपील की है।

शाकंभरी जयंती 13 को

ढारा। ग्राम पंचायत ढारा में आगामी 13 जनवरी को मां शाकंभरी जयंती मनाई जाएगी। कोसरिया मरार पटेल समाज के तत्वावधान में आयोजित महोत्सव का शुभारंभ सुबह 9 बजे कलश यात्रा के साथ होगा। 11. 30 बजे मां शाकंभरी की पूजा अर्चना होगी। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा।

विकास समिति के अध्यक्ष बने कमल नारायण

डोंगरगांव। सांकरदाहरा विकास समिति की बैठक आयोजित कर कार्यकारिणी का नए सिरे से गठन किया गया है। नवीन कार्यकारिणी में संरक्षक दयालदास साहू, पूरन पटेल, पुजेरी, भागवत साहू, गोकुल साहू, कंवलदास साहू, अध्यक्ष कमल नारायण वैष्णव, उपाध्यक्ष दुलेश कुमार ठाकुर, सचिव हेमूराम माली, सचिव मानदास साहू, कोषाध्यक्ष नागेश्वर देवांगन, अंकेक्षक गोपालराम साहू को बनाया गया है।

सारिका अध्यक्ष, ममता बनी सचिव

डोंगरगांव। ऑल इंडिया लीनेस क्लब की स्थानीय इकाई की गत दिनों बैठक आयोजित कर नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनिता ठाकुर एरिया आफिसर लीनेस निमिषा ठक्कर के मार्गदर्शन में स्थानीय इकाई अध्यक्ष लीनेस सारिका जैन, सचिव लीनेस ममता शुक्ला, कोषाध्यक्ष ज्योति जैन को बनाया गया है। अन्य पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा बाद में की जाएगी। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को सदस्यों ने बधाई दी है।



प्रशासक ने संभाला प्रभार

डोंगरगांव। नगर पंचायत की कार्यकारिणी का कार्यकाल खत्म होने के बाद राज्य शासन के निर्देशानुसार तहसीलदार पीएल नाग ने प्रशासक के रूप में कार्यभार संभाल लिया हैं। उन्होंने 9 जनवरी को नगर पंचायत कार्यालय पहुंच कर विधिवत पदभार ग्रहण किया। सीएमओ विनम्र जेमा सहित कर्मचारियों ने उनका स्वागत कर बधाई दिया।

हालेकोसा में दूसरी बार आयोजित शिव कथा का समापन

विश्वास और आस्था के साथ करें शिव की भक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

कथा सुनने उमड़ा जनसैलाब

ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम हालेकोसा में दूसरी बार आयोजित शिव पुराण कथा का शुक्रवार को समापन हुआ। अंतिम दिन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं प्रदीप मिश्रा ने कथा का रसपान कराया। कड़ाके की ठंड के बाद भी कथा का श्रवण करने जन समुदाय उमड़ पड़ा था।

प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने महादेव की कृपा से कथा श्रवण करने बैठे लोगों की श्रद्धा और मां कौशल्या की भूमि को प्रणाम करते हुए कहा कि शिव कथा का श्रवण करने कड़ाके ठंड के बाद कथा पंडाल पर ठहरे थे। सभी शिव भक्ति के लिए आए थे। सभी की चाह थी कि भगवान शंकर की कृपा प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि एकादशी को बहुत से लोग उपवास करते हैं।

भोजन त्याग देना पर किसी का दिल न दुखे इस बात का ध्यान रखे। उन्होंने कहा कि जीवन में कभी किसी चीज का घमंड न करे यहीं कथा का सार तत्व है। भगवान के पास जब भी जाना हो अहंकार छोड़कर जाना। उन्होंने कहा कि जब भी भगवान के पास जाए हमेशा पैर मोड़कर बैठे। शंकर की कथा श्रवण कर रहे हैं तो पैर समेट कर बैठें। गुरु के सामने पांव लंबा कर बैठोगे तो भी गुरु तुम्हे कुछ नहीं बोलेगा किन्तु इसका पाप जरूर लगेगा।

अपने घर बुलाए बाबा को

कथा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि शिव की अविरल भक्ति करना हो तो कहना कि हमारे घर पधारो बाबा। भगवान शंकर को आने के लिए पीले चांवल से आमंत्रण दे। उन्होंने कहा कि पुराने समय में बोलकर निमंत्रण दिया जाता था किन्तु सोशल मीडिया के जमाने में लोग व्हाट्सएप से निमंत्रण भेज देते हैं। मुख से बोलकर निमंत्रण देने से लोग जरूर आते हैं। श्री शिवाय नमस्तुभ्यं के जाप से हर कष्ट दूर हो जाते है इसलिए मुख से उच्चारण करें।

शिव हमेशा साथ

उन्होंने कहा कि जमीन जायदाद में लिखा नाम मिट जाता है लेकिन शिवा का साथ कभी नहीं छूटता। सब कुछ महादेव पर छोड़ दे फिर भगवान सेठ बना दे या नौकर । उसके चरणों के दास बने रहें क्योंकि हम कुछ नहीं है और हमें कुछ आता नहीं। जहां शिव रखे वहीं रहें। उन्होंने महिलाओं से अपने बच्चों अच्छे संस्कार देने कहा। उन्होंने बताया कि भारत भूमि को जहां भी खोदोगे वहां सनातन ही निकलेगा। अपने दिल से शंकर बैठा लो तो शिवतत्व की प्राप्ति होगी।

वन डिपो में मुर्दा जलाने लकड़ी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

वन विभाग गंडई के डिपो में इन दिनों अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी उपलब्ध नहीं है जिसके कारण अपनों की मृत्यु पर गम में डूबे परिजनों को अन्यत्र भटकते हुए लकड़ी की व्यवस्था करना पड़ता है।

गत 9-10 जनवरी नगर के शत्रुहन लाल देवांगन की मृत्यु हो गई थी जिसके अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी की व्यस्था करने समाजिकजनों और मृतक के बच्चों के मित्र जब वन विभाग के डिपो पहुँचे तो पता चला कि वहां अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी नहीं है। आनन फानन में गोकना से कच्ची लकड़ियों की व्यवस्था कर मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। उल्लेखनीय है कि मृतक शत्रुहन देवांगन का बड़ा पुत्र खैरागढ़ में सिपाही है।

शर्मनाक है व्यवस्था

जिला भाजपा उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने बताया कि पहली बार ऐसा हुआ है कि डिपो में अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी नहीं है जो बहुत शर्म की बात है।इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ कि अंतिम संस्कार के लिए लोगों को लकड़ी के लिए भटकना पड़े। मृतक का पुत्र मेरा मित्र है। मुझे लकड़ी के लिए भटकना पड़ा। गोकना से लकड़ी की व्यवस्था कर अंतिम संस्कार किया गया। इस मामले की शिकायत वन मंत्री से की जाएगी।

व्यवस्था जल्द होगी

वन विभाग के रेंजर संतोष ठाकुर ने बताया कि चट्टा खत्म हो गया है। कूप कटाई होने के बाद जल्द ही लकड़ी की व्यवस्था हो जाएगी।

भड़भड़ी जंगल वीरान

जानकारी के अनुसार जंगलों में हर रोज अवैध कटाई हो रही है। लोग अवैध कटाई कर घरेलू काम और होटलों में लकड़ी बेचकर पैसा कमा रहे है परंतु वन विभाग अवैध कटाई रोकने पहल नहीं कर रहा है। जानकारी के अनुसार पंडरिया भड़भड़ी जंगल से हर रोज हजारों टन लकड़ी का परिवहन सायकिल और सिर पर रख कर किया जाता है। वन विभाग इस ओर ध्यान देकर कूप कटाई कर अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी का इंतजाम करने की जरूरत नहीं

धर्मनगरी में आर्यिका संघ का प्रवेश

डोंगरगढ़। आर्यिका श्री अंतरमति माताजी ससंघ एवं आर्यिका श्री आराध्यमति माताजी ससंघ का शुक्रवार को धर्मनगरी में मंगल प्रवेश हुआ। आर्यिका संघ का जैन समाज के लोगों ने गाजे बाजे के साथ अगवानी की। इस दौरान जगह जगह रंगोली बनाकर एवं आरती सजाया गया था। आर्यिका अंतरमति माताजी ससंघ बेगमगंज भोपाल से पद विहार करते हुए बालाघाट, गोंदिया से यहां पहुंचा है। इसी प्रकार आर्यिका आराध्यमति माताजी ससंघ सिलवानी, गढ़ाकोटा से बालाघाट, गोंदिया होते हुए यहां पहुंचा है।आर्यिका संघ ने दिसम्बर में विहार किया था और 10 जनवरी को लंबी दूरी तय कर यहां पहुंची। आर्यिका संघ के साथ सिलवानी, गढ़ाकोटा एवं बेगमगंज के युवा, बालिकाएं, महिला, पुरुष आदि 25 से 30 की संख्या में पद विहार करते हुए पहुंचे थे। पदयात्री श्रावक श्राविकाओं का जैन समाज ने अभिनंदन किया। आर्यिका अंतरमति माता जी ने बताया कि वह दूसरी बार डोंगरगढ़ आई है। चंद्रगिरी तीर्थ के अध्यक्ष सिंघई किशोर जैन एवं श्री दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन से माता जी ने कहा कि आपका सौभाग्य है कि आपको मुनि संघ और आर्यिका संघ की सेवा करने का मौका मिल रहा है। दोपहर को आर्यिका संघ का शहर से विहार चंद्रगिरि तीर्थ के लिए हुआ।

दिल से दिल को जोड़ती है राष्ट्र भाषा हिंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय नवीन महाविद्यालय में 10 जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर ने किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने भाषण प्रस्तुत किया। प्रियंका यदु एवं रितु ने हिन्दी की उपयोगिता और महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्राचार्य ने हिन्दी के प्रचार, महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दैनिक जीवन में हिन्दी का व्यापक उपयोग करना चाहिए जिससे हिन्दी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विकसित हो सके। उन्होंने कहा कि हिन्दी हमें दिलों से जोड़ती है। हिन्दी का उपयोग करना राष्ट्र की शान है। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. एनके लहरे एवं अतिथि व्याख्याता डॉ. काव्या जैन, शुभि जैन, हिमानी साहू, चांदनी परते, सौम्या देवांगन उपस्थित थे। कार्यक्रम में डामेश्वरी पटेल, खुशबू, फनीशा, रेशमी साहू, मिथलेश कुमारी साहू, काजल देवांगन, टिकेश्वरी ठाकुर, लक्ष्मी यादव, गोवर्धन, श्वेता सोनकर, चंचल, भारती, लक्ष्मी साहू, मनीषा. मोनिका, सविता, विनिता डामिन, डालेश्वरी, अंजली, विनिता, चांदनी आदि ने सक्रिय सहभागिता निभाया। संचालन एवं आभार प्रदर्शन ओमप्रकाश सहारे ने किया।

महाविद्यालय में विचार गोष्ठी

गंडई पंडरिया। देवीप्रसाद चौबे महाविद्यालय में विश्व हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हिंदी एकता एवं सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने हिंदी के महत्व पर अपने विचार रखे। हिंदी विभाग अध्यक्ष जी कौशिक ने कहा कि हिंदी भाषा दुनिया भर में रहने वाले भारतीयों को एक सूत्र में बांधती है। ओमकुमारी साहू ने हिंदी भाषा के प्रचार पर जोर दिया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक बीआर वर्मा, डॉ. ओमप्रकाश कौशिक, जीनेन्द्र साहू, मिर्जा मुस्ताक बेग, नेदा सिद्धिकी और छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ डीपी कुर्रे के मार्गदर्शन में किया गया।

सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण

डोंगरगांव। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन नगर पंचायत द्वारा किया जा रहा है। इस मोबाइल मेडिकल यूनिट में सभी टेस्ट की सुविधा एवं दवाईयां निःशुल्क उपलब्ध रहती है। नगर के सफ़ाई कर्मियों के लिए सफ़ाई मित्र सुरक्षा शिविर लगाकर प्रत्येक माह स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। इसी कड़ी में गत 8 जनवरी को स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। टेस्ट के पश्चात जरूरी दवाईयां दी गई। डॉक्टरों ने सफ़ाई मित्रों को मास्क एवं दस्ताना का उपयोग कर संक्रामक एवं अन्य बिमारियों से बचने के निर्देश दिया।

योजनाओं के क्रियान्वयन का निरीक्षण

अंबागढ़ चौकी। नगरीय प्रशासन एवं उपमुख्यमंत्री के मार्गदर्शन अनुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय पाण्डेय द्वारा प्रतिदिन सुबह भ्रमण कर डोर टू डोर कचरा संग्रहण, नालियों एवं सड़कों की सफाई, निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्य मंत्री स्लम स्वास्थ्य योजनाओं का निरीक्षण कर निर्देश दे रहे हैं। इस प्रयास से सफाई बेहतर हो रही है वहीं कर्मचारियों की कार्य क्षमता में वृद्धि हो रही है। सीएमओ ने स्वच्छता दीदियों एवं स्वच्छता कमांडो के मानदेय का समयबद्ध अंतरण एवं ड्रेस सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित किया है। मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वच्छता दीदियो के नियमित स्वास्थ्य परिक्षण हेतु पीआईयू को निर्देशित किया है।

प्रभावितों के लिए 58 लाख सहायता राशि आबंटित

राजनांदगांव। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों के लिए 58 लाख 65 हजार रुपए की सहायता अनुदान राशि आबंटित की है। इसके अंतर्गत छुरिया तहसील में अतिवृष्टि से 64 मकान आंशिक क्षति होने पर 2 लाख 56 हजार रुपए, अतिवृष्टि से 5 झोपड़ी क्षति होने पर 15 हजार रुपए, अतिवृष्टि से पक्का मकान क्षति होने पर 6 हजार 500 रुपए, अतिवृष्टि से 15 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 18 लाख रुपए, आकाशीय बिजली गिरने से दो बैल मृत होने पर 64 हजार रुपए, नदी के पानी में डूबने से जनहानि होने पर 4 लाख रुपए एवं बैराज के पानी में डूबने से जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, राजनांदगांव तहसील में अतिवृष्टि से 4 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 4 लाख 80 हजार रुपए, अतिवृष्टि से 39 मकान आंशिक क्षति होने पर 1 लाख 56 हजार रुपए, अतिवृष्टि से 6 पशु शेड क्षति होने पर 15 हजार रुपए, अतिवृष्टि व अधिक वर्षा से 105 कपड़ा व बर्तन क्षति होने पर 2 लाख 65 हजार रुपए, अतिवृष्टि से 2 झोपड़ी क्षति होने पर 8 हजार रुपए एवं अतिवृष्टि से 2 पक्का मकान क्षति होने पर 13 हजार रुपए, डोंगरगांव तहसील में अतिवृष्टि से 96 मकान आंशिक क्षति होने पर 3 लाख 84 हजार रुपए एवं अतिवृष्टि से 2 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 2 लाख 40 हजार रुपए, डोंगरगढ़ तहसील में अतिवृष्टि से 145 मकान आंशिक क्षति होने पर 5 लाख 79 हजार 500 रुपए, अतिवृष्टि से 1 पशु शेड क्षति होने पर 3 हजार रुपए, अतिवृष्टि से 3 झोपड़ी क्षति होने पर 8 हजार रुपए, अतिवृष्टि से 8 पक्के मकान की आंशिक क्षति होने पर 52 हजार रुपए एवं अतिवृष्टि से 6 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 7 लाख 20 हजार रुपए पर की प्रशासकीय स्वीकृति संबंधित तहसील को आबंटित किया गया है।

मड़ई और डांस स्पर्धा आज

पटेवा। ग्राम मोंहदी में कल 11 जनवरी को मंड़ई मेला एवं राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उद्घाटन जनपद अध्यक्ष प्रतिभा सूर्यकांत भंडारी के आतिथ्य में होगा। अध्यक्षता सरपंच सुमरित बल्देव निषाद करेंगी। विशेष अतिथि के रूप में जागेश्वर साहू, परदेशी सोनबोईर, नरेन्द्र वर्मा, ललित साहू, जनक साहू, भुवन साहू उपस्थित रहेंगे। समापन समारोह की मुख्य अतिथि सरपंच सुमरित बल्देव निषाद होगी। अध्यक्षता ईश्वरी वर्मा करेंगे। कार्यक्रम में सुंदरलाल साहू, राकेश नायक, प्यारेलाल साहू, लक्ष्मीकांत साहू आदि उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी लक्ष्मीकांत साहू ने दी।

नगर में डस्टबिन का वितरण

डोंगरगांव। नगर में पार्षद निधि से वार्ड 1 संत रविदास के 250 घरों में गीला एवं सूखा कचरा एकत्रित करने हरा एवं नीला डस्टबिन वितरित किया गया। गीला एवं सूखा कचरा अलग रखकर डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाली दीदियों को देने की समझाईस लोगों को दी गई। वितरण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनम्र जेमा, पार्षद भगत कोर्राम, स्वच्छता दिदियां आदि मौजूद थे।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

विश्व कप खो-खो में तरुण शुक्ला आमंत्रित

डोंगरगांव। छुरिया ब्लाक के ग्राम लाटमेटा नवाटोला निवासी एवं छत्तीसगढ़ अमेच्योर खो खो ऐसोसिएशन के महासचिव तरुण शुक्ला को भारतीय खो खो महासंघ नई दिल्ली ने 13 से 19 जनवरी तक इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित प्रथम विश्वकप खो खो प्रतियोगिता में तकनीकी अधिकारी के रूप में आमंत्रित किया है। श्री शुक्ला को तकनीकी अधिकारी के रूप में अंतराष्ट्रीय आयोजन के लिए आमंत्रित करना खो खो के लिए गौरव की बात है। पूर्व में श्री शुक्ला राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय खो खो चैंपियनशिप में शामिल हो चुके हैं। खो खो की प्रथम विश्वकप स्पर्धा में 24देशों की 42 महिला पुरूष टीम भाग ले रही है। शुक्ला के तकनीकी अधिकारी नियुक्त होने पर छत्तीसगढ़ खो खो संघ के अध्यक्ष कमलजीत अरोरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेशसिंह, डां ललित वर्मा, पूरण जायसवाल, भगत सोनी, सुब्रत, संजय शर्मा, सुनील ठाकुर, भोलेनाथ, गोविंद मुदलियार, सचिन डोंगरे, नरेश शुक्ला, धर्मेन्द्र मौर्य, फ़रीज़ रहमान, नरेश यादव, जफ़र सिद्धकी, नारद साहू, भारत कोटेलकर, मोहन ध्रुव आदि ने बधाई दी है।

श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 2 से

खुज्जी। शिवनाथ नदी तट पर स्थित ब्रम्हचारी धाम के संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी के संरक्षण आगामी 2 से 12 फरवरी तक पांच कुण्डीय श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का आयोजन रखा गया है। आश्रम के संत ब्रह्मचारी ने बताया कि यह आयोजन 15 वर्षों से हो रहा है। कार्यक्रम अंतर्गत आगामी 2 फरवरी को कलश यात्रा, प्रायश्चित कर्म, पंचाग पूजन , दस विधि स्नान, मंडप प्रवेश, 3 फरवरी को अरणी मंथन के साथ यज्ञ की आहूति, महाप्रसाद, शिव अभिषेक, रुद्री पाठ आदि अनुष्ठान होंगे। इसी कड़ी में आगामी 4 एवं 5 फरवरी को मानस संगोष्ठी होगी। 6 से 12 फरवरी तक दोपहर 1 बजे से त्रिखेड़ी आश्रम महाराष्ट्र के संत राम ज्ञानी दास संगीतमय रामकथा का वाचन होगा। अंतिम दिन 12 फरवरी को यज्ञ पूर्णाहुति, गौ पूजन, विसर्जन शोभायात्रा के साथ समापन होगा।

बनभेड़ी मंडई 13 को

अर्जुनी। निकटवर्ती ग्राम बनभेड़ी में आगामी 13 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रंग छत्तीसा ममतानगर कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी नंदकुमार साहू ने दी।

आलीखुटा में मंडई आज

तुमड़ीबोड़। ग्राम आलीखुटा में 11 जनवरी शनिवार को मंडई का कार्यक्रम रखा गया है। रात्रि में मंनोरजन के लिए राम गोपाल नाच पार्टी निपानी, जिला-बालोद वाले का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम प्रमुख खेमलाल चंद्रवंशी, भोलाराम, टीकम चंद्रवंशी, बी.आर. साहू ने दी।

गरिमामय आयोजन के लिए अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

टीएल बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी लंबित मामलों को प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निपटारा करने कहा। एसपी त्रिलोक बंसल की मौजूदगी में आयोजित बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

मुख्य समारोह स्थल फतेह मैदान में सभी विभागीय अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित झांकियां तैयार करने का निर्देश दिया। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति को लेकर शिक्षा विभाग को विशेष तैयारी करने कहा। वही आयोजन के सफल क्रियांवयन को लेकर मुख्य मंच की सजावट, बैठक व्यवस्था, मैदान की साफ-सफाई, आमंत्रण-पत्र, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, गुब्बारों की व्यवस्था, पुरस्कार वितरण, पंडाल व कुर्सी की व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य कार्यों के लिए विभिन्न विभाग के अधिकारियों को दायित्व सौंपा। बैठक में डीएफओ आलोक तिवारी, एडीएम प्रेमकुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र सिंह ठाकुर, एएसपी नितेश कुमार गौतम, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम छुईखदान रेणुका रात्रे, एसडीओपी लालचंद मोहले, प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर पूजा पिंचा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

टीएल बैठक बाद साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने दूर-दराज से आए लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। कलेक्टर से लोगों ने मुलाकात कर निजी व सामुदायिक समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया जिस पर कलेक्टर ने संबंधित आवेदनों को त्वरित निराकरण करने कहा। जनदर्शन में प्रमोद कुमार निवासी किल्लापारा द्वारा सडक चौड़ीकरण के प्रकरण में मुआवजा राशि दिलाने आवेदन दिया गया। सोनेसरार वार्ड के किसानों द्वारा अधूरे नहर नाली के निर्माण को पूरा कराने के संबंध में आवेदन दिया गया। इसी तरह रामकुमार साहू पदमावतीपुर द्वारा अपने निजी कार्य और रूसे के ग्रामीणों ने पंचायत से संबंधित आवेदन दिया। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागों मे भेजकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा।

निषाद समाज केसीजी का चुनाव 19 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

निषाद समाज मुख्य चुनाव केन्द्रीय समिति चुनाव प्रभारी गिरधर निषाद प्रदेश सचिव, अशोक निषाद प्रदेश कोषाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, विजय निषाद जिला मुख्य निर्वाचन अधिकारी, बसंत लारिया जिला सहायक निर्वाचन अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी चैन कुमार निषाद, सहायक निर्वाचन अधिकारी टीकम निषाद की उपस्थिति में जिला संगठन खैरागढ़-छुईखदान-गंड़ई का निर्वाचन होगा। सहायक निर्वाचन अधिकारी चैन कुमार निषाद ने बताया कि जिला संगठन चुनाव खैरागढ़-गंड़ई-छुईखदान के लिए अध्यक्ष 1 पद, उपाध्यक्ष 2 पद महिला/पुरुष, महासचिव 1 पद, कोषाध्यक्ष 1 पद, संगठन सचिव 1 पद, उप संगठन सचिव 1 पद, सहसचिव 2 पद महिला/पुरुष, अंकेक्षक 1 पद, प्रचार सचिव 1 पद, कार्यालय सचिव 1 पद सहित सभी 10 पदों पर चुनाव होगा।

मतदान के पश्चात होगा मतगणना

मतदाता सूची का प्रकाशन 5 जनवरी को सुबह 11 से 3 बजे तक, मतदाता सूची में दावा-आपत्ति 11 जनवरी को सुबह 10 से 11 बजे तक, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 12 जनवरी को सुबह 10 से 11 बजे तक, चुनाव हेतु नामांकन पत्र वितरण 12 जनवरी को सुबह 11 से 12 बजे तक, नामांकन पत्र जमा 12 जनवरी को दोपहर 12 से 1 बजे तक, नामांकन पत्र वापसी 12 जनवरी को दोपहर 01 से 02 बजे तक, नामांकन पत्र की जांच 12 जनवरी को दोपहर 02 से 03 बजे तक, चुनाव चिन्ह आबंटन 12 जनवरी को दोपहर 03 से 04 बजे तक, मतदान 19 जनवरी को सुबह 8 से अपरान्ह 4 बजे तक, मतगणना एवं परिणाम 19 जनवरी को चुनाव पश्चात होगा।

पटेवा में निकली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेवा

ग्राम पटेवा में त्रिदिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में महंत ओहंगदास साहेब, महंत कन्हैयादास साहेब ने सदगुरू कबीर साहब के अनमोल वचनों, भावों को सरल शब्दों में समझाया। उन्होंने जन समुदाय के मन के मलिन विचार, वासना आदि को धोने का प्रयास किया। यह कार्यक्रम सदगुरू कबीर सत्संग समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के पहले दिन रात्रि में पड़वानी गायन भरत निषाद ने किया। इसी क्रम में कबीर प्राकट्य उत्सव समिति रामनगर के कलाकारों ने कबीर प्राकट्योत्सव झांकी की प्रस्तुत किया। अंतिम दिवस श्री सदगुरू कबीर साहब की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में आमीन माता मंडली की महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर गांव का भ्रमण किया। महंतजन बग्गी में सवार थे। शोभायात्रा में श्रीकृष्ण राधा राउत नाच मंडली दर्रा ने प्रस्तुति दिया। शोभायात्रा कर्मा मंदिर से शुरू होकर बाजार चौक, शनि मंदिर, शिव मंदिर, शीतला मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, कबीर भवन, लीला चौरा चौक, मासूल रोड़, अहिल्या चौक, भगतसिंह चौक से होते हुए वापस पंडाल पहुंची। अंत में चौका आरती का आयोजन किया गया। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

रेलवे फुट अंडरब्रिज की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- 450 करोड़ की लागत से बनेगा फुट अंडरब्रिज

मां बम्लेश्वरी मंदिर समिति के प्रयास बाद रेलवे प्रशासन ने जनता की परेशानियों को देखते हुए नीचे बम्लेश्वरी मंदिर और मंदिर अस्पताल के आवागमन के लिए लगभग 4.50 करोड की लागत वाले फुट अंडरब्रिज स्वीकृत किया है।

उल्लेखनीय है कि नीचे बम्लेश्वरी मंदिर के समीप स्थित रेलवे क्रासिंग बंद होने के बाद लोगों को मंदिर जाने के लिए काफी इंतजार करना पड़ता है। परेशानियों को देखते हुए मंदिर को शहर से जोड़ने के लिए अंडरब्रिज की मांग की जा रही थी। फुट अंडरब्रिज बनने से नीचे मंदिर और मंदिर अस्पताल जाना सुगम हो जाएगा। नवरात्रि और प्रतिदिन मंदिर जाने वालों को सुविधा होगी साथ ही ज्योत विसर्जन निर्विध्न हो सकेगा। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति, मां बम्लेश्वरी सेवादल और नागरिकों ने फुट अंडरब्रिज स्वीकृत करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे एवं बृजमोहन अग्रवाल का आभार व्यक्त किया है।

जिले की कानून व्यवस्था को लेकर कलेक्टर और एसपी ने ली बैठक

- संयुक्त रूप से कार्य करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा और पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व व पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में उपस्थित दोनों विभागों के अधिकारियों से जिले की कानून व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा बाद मैदानी अधिकारियों से जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को संयुक्त रूप से कार्य करने कहा गया।

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने जिले में कानून व्यवस्था व सुरक्षा इंतजाम के लिए सभी अधिकारियों को सजग होकर काम करने, अपने अपने क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों के द्वारा की जाने वाली वारदातों पर पैनी नजर रखने और किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति की संभावना को देखते ही त्वरित कारवाई करने कहा।

बैठक में एडीएम प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र ठाकुर, एएसपी नितेश कुमार गौतम, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम छुईखदान रेणुका रात्रे, एसडीओपी लालचंद मोहले, प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर पूजा पिंचा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

असामाजिक तत्वों का करें बांड ओवर

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने असामाजिक तत्वों की पहचान कर बांड ओवर करने और आवश्यक होने पर जिला बदर करने कहा। उन्होंने स्थानीय लोगों से संपर्क कर प्रमुख समस्याओं से अवगत होकर निराकरण की कारवाई, सड़क सुरक्षा को लेकर हरसंभव उपाय करने कहा। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, सड़क यातायात में व्यवधान उत्पन्न करने वालों पर सख्त कारवाई करने का निर्देश जारी करते हुए उन्होने सड़कों का निरीक्षण कर ब्लैक स्पॉट चिन्हांकन करने कहा। सुरक्षा और यातायात सुचारु रूप से बनाए रखने नियमित रूप से पेट्रोलिंग करने कहा। दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट की अनिवार्यता, यातायात सुरक्षा पर जागरूकता को लेकर स्कूल, कालेज में विभिन्न स्पर्धा आयोजित करने कहा। इसके अलावा बैठक में निर्वाचन आरक्षण, गणतंत्र दिवस और स्थानीय निर्वाचन में सुरक्षा इंतजामो पर चर्चा की गई।

पालक और आचार्य छात्र सम्मेलन आज से

खैरागढ़। प्रेम कुमार सरस्वती शिशु-उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर में तीन दिवसीय भारत दर्शन 35 वां वार्षिकोत्सव, पालक और आचार्य छात्र सम्मेलन शनिवार 11 से सोमवार 13 जनवरी तक तन्मय गिड़िया सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर राईस मिल के पास आयोजित किया गया है। शनिवार 11 जनवरी को पालक सम्मेलन, प्रांत कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख हरिओम शर्मा का वक्तव्य, भारत दर्शन सांस्कृतिक कार्यक्रम, शालेय पत्रिका का विमोचन, बाल मेला, विज्ञान मेला, हस्तकला का उद्घाटन दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य, प्रकाश सांखला दुर्ग की अध्यक्षता और विद्या भारती जिला प्रतिनिधि राजेश ताम्रकार की उपस्थिति में होगा। रविवार 12 जनवरी को पूर्व छात्र व पूर्व आचार्यो का स्नेह भोजन बाद सम्मेलन व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा के मुख्य आतिथ्य, वर्षा श्रीवास्तव की अध्यक्षता और डॉ आलोक अग्रवाल एम्स अस्पताल के विशिष्ट आतिथ्य में होगा। सोमवार 13 जनवरी को दोपहर 2 बजे से भारत दर्शन विशेष कार्यक्रम, समापन सत्र व पुरस्कार वितरण समारोह सांसद संतोष पांडेय के मुख्य आतिथ्य, समाजसेवी नरेश वैद्य की अध्यक्षता और डीईओ लालजी द्विवेदी के विशिष्ट आतिथ्य में होगा।

कमला कॉलेज में वर्कशॉप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में आईक्यूएसी एवं महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एवं पीएम-उषा द्वारा प्रायोजित सॉफ्ट कम्पोनेंट के अंतर्गत चार वर्कशॉप का उद्घाटन डॉ. राजेश पांडे अतिरिक्त संचालक दुर्ग संभाग के आतिथ्य एवं मणीभास्कर गुप्ता अध्यक्ष जनभागीदारी द्वारा किया गया। सॉफ्ट कम्पोनेन्ट के अंतर्गत कानूनी अधिकार के प्रति जागरूकता, महिला डिजीटल साक्षरता, संचार कौशल एवं जेंडर सेनसीटाईजेशन विषयों पर कार्यशाला का उद्घाटन 7 जनवरी को महाविद्यालय के सभागृह में किया गया। कानूनी अधिकार के प्रति जागरूकता की मुख्य वक्ता प्रिया कांकरियां, महिला डिजीटल साक्षरता की मुख्य वक्ता राजू खुंटे, संचार कौशल के मुख्य वक्ता विवके सोनी थे।

मणीभास्कर गुप्ता ने छात्राओं को महाविद्यालय में होने वाले गतिविधियों में भाग लेकर उसका लाभ उठाने कहा। मुख्य अतिथि डॉ. राजेश पांडे ने महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सम्बल बनने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. एचके गरचा ने कहा कि जेंडर सेनसीटाईजेशन को पुर्ननांमांकित, पुर्नपरिभाषित, पुर्नकल्पित करना होगा। महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ द्वारा समय-समय पर महिला जागरूगता कार्यक्रम किया जाता है, हमें अपने कानूनी अधिकार के बारे में पता है, लेकिन जब तक हम समाज को विशेष रूप से पुरूषों को महिलाओं के प्रति नजरियें को बदलने हेतु जागरूक नही करेंगे, तब तक ऐसे कार्यक्रम का कोई औचित्य नहीं है।

महिलाओं को सक्षम होना जरूरी

कार्यक्रम का संचालन करते डॉ. नीता एस. नायर ने कहा कि समाज में सम्मान से जीने महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम होना जरूरी है। साथ ही शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है, तभी हम महिलाएं समाज एवं परिवार के प्रति अपने दायित्व का सही ढंग से निर्वहन कर पाएंगे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. राजेश पांडे एवं मणीभास्कर गुप्ता को मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। डॉ. नीता एस. नायर ने अतिथियों, समिति के सदस्य डॉ. बृजबाला उइके, नीलम राम धनसाय, आलोक जोशी एवं प्राध्यापकों तथा कार्यालयीन स्टाफ के जावेद सिद्दीकी, रमन साहू, धनेश पटेल एवं छात्राओं का कार्यक्रम में उपस्थित होकर उसे सफल बनाने धन्यवाद ज्ञापित करते कार्यक्रम का समापन किया गया।

नशे के खिलाफ ठोस कदम उठाने की आवश्यकता

जिला स्तरीय नारको कोऑर्डिनेशन समिति की बैठक, रणनीति पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला स्तरीय नारको कोऑर्डिनेशन समिति की बैठक में जिला स्तर पर नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों की समीक्षा बाद और भविष्य की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया।

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा की अध्यक्षता और एसपी त्रिलोक बंसल की उपस्थिति में आयोजित बैठक मे कलेक्टर ने बैठक की शुरुआत करते हुए नशीले पदार्थों के बढ़ते प्रचलन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशे के कारण युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। इसे रोकने ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नशे के खिलाफ अभियान को और प्रभावी बनाने सामूहिक प्रयास करें। इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि जिले में नशीले पदार्थों के खिलाफ एक संगठित और समर्पित प्रयास की नींव रखें जिससे भविष्य में नशे की समस्या को नियंत्रित किया जा सके। स्कूल और कॉलेजों में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाकर नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए इससे दूर रहने की सलाह दी जाए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को प्रचार माध्यमों के जरिए नशे के खिलाफ समाज में जागरूकता फैलाने विभिन्न कार्यक्रमों की रूप रेखा बनाने और सभी विभागों को एकजुट होकर काम करने की अपील कर नशे के खिलाफ सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों के कारोबार पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए प्रशासनिक और कानूनी प्रक्रियाओं को और मजबूत किया जाए।

पुनर्वास कार्यक्रमों की दी जानकारी

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने बताया कि जिले मे नशे के कारोबार से जुड़े व्यक्तियों से कुछ मात्रा में नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने नशे की लत से प्रभावित व्यक्तियों के लिए चल रहे पुनर्वास कार्यक्रमों की जानकारी दी। बैठक में डीएफओ आलोक तिवारी, एडीएम प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र सिंह ठाकुर, एएसपी नितेश कुमार गौतम, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम छुईखदान रेणुका रात्रे, एसडीओपी लालचंद मोहले, प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर पूजा पिंचा सहित पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य, शिक्षा, और समाज कल्याण, आबकारी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

मानस गायन स्पर्धा आज से

घुमका। ग्राम छोटे टेमरी में 11 एवं 12 जनवरी को मानस गान एवं टीका प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। स्पर्धा के पुरुष वर्ग में विजेता टीम को क्रमशः 4001, 3001, 2001, 1501, 1001, 701, महिला वर्ग में 3001, 2001, 1501, 1001, 701 रूपए दिया जाएगा। सम्मिलित होने वाले मंडलियों को ओम मानस परिवार छोटे टेमरी एवं ग्रामवासियों की ओर से सदाबहार राशि दी जाएगी। शुभारंभ सरपंच लोकेश्वरी साहू के अतिथि एवं उपसरपंच यशवंत सायतोंडे की अध्यक्षता में होगा। 12 जनवरी को समापन समारोह के मुख्य अतिथि उन्नत कृषक प्रशांत मारू होंगे। दूरसंचार विभाग के अधिकारी मदन लाल यादव अध्यक्षता करेंगे।

स्पेल-बी कॉम्पीटिशन का शानदार आयोजन

राजनांदगांव। गायत्री विद्यापीठ में स्पेल-बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के बीच यह प्रतियोगिता का आयोजित करवाई गई। शाला प्राचार्य शैलजा नायर के मार्गदर्शन में इंग्लिश विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन में सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलन के साथ स्वागत उद्बोधन शाला प्राचार्य शैलजा नायर द्वारा दिया गया। उन्होंने पालकों का स्वागत अभिनंदन करते टीम का उत्साहवर्धन करते कहा कि इंग्लिश एक अंतर्राष्ट्रीय भाषा है, इस दिशा में ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से आप अपने विषय में दक्षता के साथ-साथ विभिन्न विधा में पारंगत होते हैं।

उक्त प्रतियोगिता में कुल 5 टीम के प्रतिभागी विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रत्येक टीम में 6 सदस्यों की भागीदारी रही। कुल 11 चरणों में बच्चों के ज्ञान को परखा गया। पहले चरण में आलमंड राउंड, दूसरे में वर्ड क्वेस्ट, तीसरे में ऑडियो राउंड, चौथे में जर्नी फ्राम लेटर टू वर्ड, पांचवें में राइड मी दोस, छठवें में इंटरव्यू राउंड, सातवें में स्पेलिंग राउंड आदि प्रस्तुत किया गया। सभी चरणों में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन गुरविंदर कौर, अंजली सोनवानी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी, तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

सार समाचार

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी समस्याएं

राजनांदगांव। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। कलेक्टर अग्रवाल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, नक्शा बटांकन, ऑनलाइन रिकार्ड दुरूस्त करने, आर्थिक सहायता, नजूल भूमि का पट्टा बनाने, राशन कार्ड बनवाने, विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

7.200 बल्क लीटर अवैध मदिरा जब्त

राजनांदगांव। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। सहायक आयुक्त आबकारी यदुनंदन राठौर ने बताया कि आबकारी दल द्वारा ग्राम सीतागोटा में लोकचंद चौधरी के कब्जे से महाराष्ट्र राज्य निर्मित संत्री फिरकी 40 नग पाव कुल 7.200 बल्क लीटर मदिरा जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत दंडनीय अजमानतीय अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है। इसी प्रकार ग्राम जोशीलमटी थाना गेंदाटोला में इंदु निषाद के कब्जे से महाराष्ट्र राज्य निर्मित संत्री फिरकी 20 नग पाव कुल 3.600 बल्क लीटर मदिरा आबकारी अधिनियम की धारा के तहत जब्त किया गया। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वृत्त चिचोला राजकुमार कुर्रे एवं आबाकारी स्टाफ निजामशाह, अनिल सिन्हा, भोजनारायण उइके शामिल थे।

राज्यपाल ने प्रशासनिक अधिकारियों की ली बैठक

किसानों को समृद्ध बनाने के लिए उनकी मदद की जरूरत : राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्यपाल रमेन डेका की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर राज्यपाल की संयुक्त सचिव श्रीमती हीना अनिमेष नेताम, आईजी दीपक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह उपस्थित थे।

राज्यपाल रमेन डेका ने जिले में शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन, जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यों एवं अभियान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जल है तो हम हैं। जल संरक्षण के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ाने की आवश्यकता है। जल संरक्षण के लिए जनसामान्य को प्रेरित करें तथा पानी व्यर्थ न बहे इस बात का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि जिले में मिशन जल रक्षा अभियान के तहत जल संरक्षण की दिशा में बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने जिले में सिंचाई, भू-जल स्तर, जैविक कृषि प्रोत्साहन, नवाचार के संबंध में गहन चर्चा की। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारी से कहा कि किसानों से लगातार मिलते रहे और उन्हें जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित करें। उन्हें नवीनतम तकनीक तथा नवाचार के संबंध में जानकारी देते रहे और उनकी मदद करें। उन्होंने इजराईल की पाली हाऊस टेक्नोलाजी के संबंध में जानकारी देते कहा कि जिले में पाली हाऊस के माध्यम से उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा दें। उन्होंने असम के ऐसे किसानों के बारे में जानकारी साझा की, जिन्होंने खेती-किसानी के माध्यम से बहुत तरक्की की है। उन्होंने शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि जिले में शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने जिले में चलाए जा रहे सघन पौधरोपण के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्मार्ट टीवी एवं संपर्क डिवाईस के माध्यम से प्राथमिक स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में जनसहभागिता से अभियान चलाया गया है। जिससे दूरस्थ अंचल तक बच्चों के सीखने की प्रवृत्ति बढ़ी है। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने मिशन जल रक्षा के संबंध में जाकारी देते बताया कि जिले में इस अभियान के तहत कैच द रेन अंतर्गत नागरिकों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों से विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

त्रिनेत्र से की जा रही निगरानी

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने त्रिनेत्र योजना के संबंध में जानकारी देते बताया कि शहर में 385 नये सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं। शहर में लगे 385 नग नए कैमरे एवं पुराने 152 कैमरे को अपडेट किया गया है। शहर में अत्याधुनिक एएनपीआर कैमरा 25 नग, व्हेरीफोकल कैमरा 300 नग, पीटीजेड कैमरा 10 नग एवं 80 मीटर फोकस कैमरा 50 नग लगाया गया है। पुलिस सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम में नवीन सर्वर रूम स्थापित किया गया है। वनमंडलाधिकारी आयुष जैन ने बताया कि वन विभाग द्वारा विभागीय पौधरोपण के साथ ही जनसहभागिता से पौधे रोपित किए जा रहे हैं। बारिश में निःशुल्क पौधों का वितरण व्यापक पैमाने पर किया गया है। जिले में छह नर्सरी में जिनमें पौधे विकसित किए जा रहे हैं।

पोट्टु लइका अभियान की सराहना

राज्यपाल रमेन डेका ने जिले में टीबी के संबंध में चल रहे अभियान निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से टीबी मुक्त जिले की दिशा में आगे बढना है और सभी से सहयोग लेना है। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली तथा जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे गंभीर कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए चलाए जा रहे पोट्टु लईका अभियान की सराहना की।

पूर्व सांसद अभिषेक ने साहू को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मंडल साहू संघ मुड़पार सुरगी के महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका एवं भाजपा महिला मोर्चा की सक्रिय कार्यकर्ता कामिन साहू 54 वर्ष का गत दिनों निधन हो गया। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह उन्हें श्रद्धांजलि देने राम साहू के निवास पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान रोहित चंद्राकर, आनंदराम साहू, मधु सुकृत साहू, गुरुचरण सिन्हा, जीवनलाल साहू, सुकृतदास साहू, समारू राम, त्रिलोकचंद्र पारख, डॉ. एसएस चौहान, नारदराम साहू, रेन सिंह, तेजराम सिन्हा, पवन साहू, गोवर्धन साहू, कुंजराम साहू, ओमप्रकाश साहू, लखनलाल साहू, जसवंत साहू, तुमनलाल, डॉ. एस कुमार साहू, खिलेश्वर साहू, ज्ञानचंद साहू, एशिया साहू, लक्ष्मी साहू, गजानन साहू, सागर साहू, दोहर दास साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

960 खिलाड़ियों ने दिखाई पांडरवानी में अपनी प्रतिभा

मोहला। दो दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता विकासखंड मोहला के ग्राम पांडरवानी ग्राम पंचायत मरकाटोला में आयोजित किया गया। जिसका समापन नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार देवांगन ने जानकारी दिया कि कल 8 जोन के लगभग 960 प्रतिभागी बच्चे विकासखंड स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल हुए।

जिसमें प्राथमिक विभाग में 5 एकल एवं 2 सामूहिक विधा तथा माध्यमिक विभाग में 6 एकल एवं 3 सामूहिक विधाएं शामिल थी। प्राथमिक विभाग में गोटाटोला जोन एवं माध्यमिक विभाग में वासडी जोन ओवरऑल चैंपियन रहे। इसी प्रकार कुमारी नेहा पाटनवाड़वी एवं नीरज कुमार रेंगाकठेरा माध्यमिक विभाग के चैंपियन खिलाड़ी तथा मनोज कुमार सुवरबोड प्राथमिक विभाग से चैंपियन खिलाड़ी चयनित हुआ। बच्चों को सम्मानित करने के इस विशेष अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया, जोन प्राचार्य उपेंद्र कुमार देवांगन, बीआरसीसी खोमलाल वर्मा, ग्राम पटेल शंकरलाल धुर्वे एवं गणमान्य नागरिक, सभी संकुल शैक्षिक समन्वयक, व्यायाम शिक्षक एवं सभी प्रभारी शिक्षक उपस्थित रहे।

ग्रामीणों का सहयोग

स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से सभी ने ग्राम पांडरवानी के ग्रामीण के विशेष सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। ज्ञात हो कि दो दिवस तक ग्रामीणों ने प्रतिभागी बच्चों को निःशुल्क भोजन एवं आवास सुविधा दिया। उद्घाटन समारोह में क्षेत्रीय विधायक इंद्रशाह मंडावी, जनप्रतिनिधिगण अमित श्रीवास्तव, कुमार कोरेटी, दिनेश शाह, मनोज नेताम, देवप्रसाद नेताम, सदानंद तारम, वीरनारायण, भूपेंद्र सोरी व अन्य ग्राम प्रमुख शामिल हुए एवं समापन समारोह में जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र मासिया, रामभगवान चंद्रवंशी, गामिता लोनहारे, गुरुदयाल साहू, सुदर्शन खिलवारे, मीना मांझी की विशेष उपस्थिति रही।

इच्छाओं को शांत करने से ही मिल पाएगी शांति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राम नाम के बिना जीवन व्यर्थ है, सब कुछ मिल जाए पर राम नाम नहीं जपे, तो जीवन की सार्थकता शून्य है। जिसमें ज्ञान का प्रकाश नहीं है, संयम का ब्रेक नहीं है, उसकी जिंदगी की गाड़ी फेल हो जाती है।

आज भारत माता हमें जगाना चाहती है, हम सौभाग्यशाली हैं, जिन्होंने भारत भूमि में जन्म लिया है। स्वयं भगवान ने भी भारत में ही अवतार लिया था। भारत में आदर्श है, संस्कार है, संस्कृति है। आज लाखों विदेशी भारतीय संस्कृति को अपनाकर भारतीय परिवेश धारण कर हरे राम, हरे कृष्ण का जाप कर रहे हैं और हम विदेशी परिधान धारण करके अपने आप को गौरवान्वित समझ रहे हैं। पशुओं के भी सिद्धांत होते हैं, जिसका वे पालन करते है। घास खाने वाला पशु मांसाहार नहीं करता। वहीं सिंह कितना भी भूखा हो घास नहीं खाता। एक मानव ही ऐसा प्राणी है। जिसका कोई सिद्धांत नहीं है, वह कुछ भी खा लेता है। यही उसके पतन का कारण है। उक्त उद्गार श्री हनुमान श्याम मंदिर में आयोजित 18 दिवसीय संत समागम एवं सुंदरकांड महाकुंभ के चतुर्दश दिवस से त्रि-दिवसीय श्रीराम कथा का वाचन करते सुप्रसिद्ध संत ब्रह्मलीन श्रद्धेय राजेश्वरानंद महाराज की सुपुत्री मानस मर्मज्ञ भक्ति प्रभा ने व्यासपीठ से व्यक्त किए।

श्री श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों की ओर से अशोक लोहिया के अनुसार कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते भक्ति प्रभा ने कहा कि व्यक्ति शांति की इच्छा से शांति प्राप्त नहीं कर सकता। वह अपनी इच्छाओं को शांत कर ले तो उसे शांति अपने आप प्राप्त हो जाएगी। हमारी इच्छाएं अनंत हैं, जिस पर नियंत्रण आवश्यक है। भारतमाता का श्रृंगार सिंदूर है, हिंदी उसके माथे की बिंदी है। उसका सम्मान करना सीखे।

पृष्ठ 11 का शेष

अवैध रूप से गांजा...

आरोपी के विरूद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत साक्ष्य सबूत पाए जाने पर वैधानिक कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार आगामी पंचायत चुनाव पर शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु अवैध गांजा, शराब बिक्री व गुंडा, बदमाश, असामाजिक तत्वों के विरूद्ध अभियान कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उपरोक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी निरीक्षक संजय बरेठ, सहायक उपनिरीक्षक इब्राहिम खान, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, आरक्षक मनोज जैन, सुनील बैरागी, तामेश्वर भुआर्य, किशोर मार्बल एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

चुनाव के पहले अंदरूनी सड़कों का आया ख्याल, निर्माण कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम चुनाव के पहले शहर की भीतरी खस्ताहाल सड़कों की याद आ गई है और अब इन सड़कों का निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। शहर के कुछ वार्डों में सीसी रोड से लेकर सड़कों का डामरीकरण भी किया जा रहा है। बीते दिनों नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शहर की खस्ताहाल सड़कों के लिए भूमिपूजन किया था। इसके बाद अब इन सड़कों का निर्माण कार्य शुरू किया गया है।

42 सड़कों का डामरीकरण

शहर के भीतरी जर्जर सड़कों का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। जिसके तहत 42 मार्गों के डामरीकरण के लिए अधोसंरचना मद से 1004.34 लाख रुपए की लागत से कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। वहीं 68 नाली और रोड का कार्य भी शहर के भीतरी वार्डों में किया जाएगा।

सड़क और नालियों का निर्माण

शहर के कई वार्डों के भीतरी सड़क जर्जर स्थिति में है। नालियां टूटी हुई है। इसके निर्माण कार्य के लिए जनता ने कई बार स्थानीय पार्षदों से लेकर नगर निगम कार्यालय तक फरियाद की थी, लेकिन सड़कों का निर्माण नहीं हुआ था। वहीं अब सामने नगर निगम का चुनाव आते ही शहर के भीतरी सड़कों को दुरुस्त किया जा रहा है। वहीं कई वार्डों में जर्जर नालियों का भी नवनिर्माण प्रारंभ किया गया है।

बुंदेलीकला में आज कबड्डी स्पर्धा

ठेलकाडीह। ग्राम बुंदेलीकला में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन डायमंड स्पोर्ट्स क्लब एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में कल 11 जनवरी को रखा गया है। समिति के अध्यक्ष कमल साहू ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10,001 रुपए, द्वितीय 7,001, तृतीय 5,001 एवं चतुर्थ पुरस्कार 3,001 रुपए रखा गया है। हेमू सूर्यवंशी ने उक्त स्पर्धा में जिले के कबड्डी दलों से अधिक संख्या में हिस्सा लेने की अपील की।

श्रमिकों का किया भौतिक सत्यापन

राजनांदगांव। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने मंगलवार को निगम के अधीन विभिन्न विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी एवं ठेका श्रमिकों का सुबह टांकाघर में भौतिक सत्यापन कर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त मोबिन अली एवं कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा से विभागवार जानकारी ली। आयुक्त विश्वकर्मा कामकाज की समीक्षा के दौरान टांकाघर में निगम के अधीन विभिन्न विभागों लोककर्म, जल, विद्युत, मोटर, स्वास्थ्य, उद्यानिकी एवं सामान्य प्रशासन विभाग में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी तथा ठेला श्रमिकों का समक्ष में भौतिक सत्यापन किया और उनके द्वारा उपायुक्त अली से संख्याबल की जानकारी लेकर विभागों में क्या-क्या कार्य किया जा रहा है चर्चा किए।

उन्होंने कर्मचारियों से चर्चा कर उनके द्वारा विभाग में क्या कार्य किया जा रहा है, कार्य में क्या परेशानी आ रही है जानकारी ली। सभी कर्मचारी अपने कार्य में सुधार लाएं और निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

रमन ने 12 कार्यों के लिए दिलाई करोड़ों की स्वीकृति

राजनांदगांव। पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव के समुचित विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। विगत दिनों उन्होंने उनके प्रयास से नगर निगम के शहरी क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा करते दिग्विजय कॉलेज के सामने आयोजित कार्यक्रम में 24 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन किया था। आज ग्रामीण क्षेत्र में मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत 12 निर्माण कार्यों के लिए सीसी रोड एवं नाली निर्माण के लिए 2 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृति दिलाई। जिसके तहत ग्राम बागतराई में 16.48 लाख, भेड़ीकला के लिए 16.48 लाख, मगरलोटा के लिए 16.48 लाख, डीलापहरी 16.48 लाख, गठुला के लिए 20.47 लाख, सुकुलदैहान के लिए 16.48 लाख, भर्रेगांव के लिए 20.47 लाख, देवादा 16.48 लाख, भोथीपारकला 16.48 लाख, फरहद 16.48 लाख, सिंघोला 16. 48 लाख, सुरगी 16. 48 लाख रुपए की सीसी रोड एवं नाली बनाने की स्वीकृति दिलाई। जिसका मंत्रालय से संबंधित विभाग का आदेश जारी हो गया। निर्माण कार्यों के आदेश के बाद ग्रामीणों में खुशी की लहर है और भाजपा नेताओं ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को साधुवाद देते मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। इसमें पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, जिलाध्यक्ष रमेश पटेल, कोमल सिंह राजपूत, राजेंद्र गोलछा, रविंद्र वैष्णव, नीलू शर्मा, लीलाधर साहू, रोहित चंद्राकर, मनोज साहू, खिलेश्वर साहू, तरुण लहरवानी, अतुल रायजादा, गोलू गुप्ता, सुमित भाटिया, राजेश श्यामकर, अशोक देवांगन, गिन्नी चावला सहित अन्य भाजपा नेता शामिल थे।

निर्धारित माहवार लक्ष्य के अनुरूप करें वसूली, आयुक्त ने ली बैठक

निगम आयुक्त ने कम वसूली पर जताई नाराजगी

राजनांदगांव। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने राजस्व वसूली की बैठक में वार्डवार वसूली की जानकारी लेकर कम वसूली पर नाराजगी व्यक्त करते शासन द्वारा निर्धारित माहवार लक्ष्य के अनुरूप वसूली के निर्देश दिए। उन्होंने श्रमिक बाहुल्य वार्डों में शिविर लगाकर एवं टीम बनाकर वसूली करने कहा।

आयुक्त विश्वकर्मा ने सहायक राजस्व निरीक्षकों से वार्डवार वसूली की जानकारी ली। उन्होंने कम वसूली पर नाराजगी व्यक्त करते अच्छी वसूलीकर्ता को शाबासी भी दी। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, इसलिए शासन द्वारा हर माह के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली करना है। उन्होंने क्यूआर कोड के माध्यम से वसूली की जानकारी ली और उससे आने वाली समस्या से अवगत हुए। बैठक में सहायक राजस्व अधिकारी जगीनराम चंद्रवंशी सहित राजस्व निरीक्षक, समस्त राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

सप्ताह के अंत में मंगाएं स्टेटमेंट

आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि बैंक वालों से बात कर ली गई है। उन्होंने रोकपाल से कहा कि बैंक से सम्पर्क कर सप्ताह के अंत में स्टेटमेंट मंगाए। उन्होंने कहा कि करदाताओं को समझाएं कि सुगम राजस्व वसूली तथा राजस्व वसूली बढ़ाने क्यूआर कोड की सुविधा करदाताओं को दी जा रही है, जो करदाता नहीं मिले या बाद में भुगतान करेंगे बोलने वाले के घर क्यूआर कोड छोड़कर आएं, ताकि वे अपनी सुविधा अनुसार भुगतान कर सके। भुगतान की सूचना प्राप्त होने पर उन्हें रसीद दें। उन्होंने कहा कि जिनके द्वारा विवरणी नहीं भरा गया है, उनसे स्व विवरणी भराएं और विवरणी के आधार पर वसूली करना सुनिश्चित करें।

पावती की आ रही दिक्कत

सहायक राजस्व निरीक्षकों ने कहा कि कई करदाता क्यूआर कोड से भुगतान नहीं कर नगद या चेक के माध्यम से भुगतान करने की बात करते हैं। कुछ लोगों द्वारा बाद में भुगतान करने बोला जाता है। साथ ही पावती की दिक्कत आ रही है, क्योंकि भुगतान सीधे बैंक खाते में जाता है और समय में पावती नहीं मिल पाती।

वार्डों में लगाएं शिविर

आयुक्त विश्वकर्मा ने उपायुक्त मोबिन अली से कहा कि श्रमिक बाहुल्य वार्डों जहां वसूली का प्रतिशत बहुत कम है, वहां शिविर लगाएं तथा टीम बनाकर वसूली करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर नोटिस जारी करने कहा। नोटिस उपरांत बकाया कर की अदायगी नहीं करने पर संबंधित का नल विच्छेदन की कार्रवाई करें तथा समाचार पत्र में नाम प्रकाशित करें। उन्होंने 20 प्रतिशत से कम वसूलीकर्ता को नोटिस जारी करने उपायुक्त से कहा। साथ ही राजस्व कार्यालय में वसूली के लिए काउंटर लगाएं, जहां किसी भी वार्ड का करदाता अपने करों का भुगतान कर सके। इसके अलावा द्वितीय पाली में 4 बजे से प्रत्येक दिन राजस्व कार्यालय में सभी सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहकर वसूली करना सुनिश्चित करेंगे।

खबर संक्षेप

श्रीराम मंदिर की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव आज

हरिभूमि कवर्धा। कवर्धा शहर- श्री अयोध्यापुरी धाम श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ के शुभ अवसर पर 11 जनवरी को धर्म नगरी कवर्धा शहर स्थित महाराणा प्रताप पार्क ठाकुर पारा कवर्धा में श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रभु श्रीराम लला की महाआरती व हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ, भजन संध्या, धार्मिक संगोष्ठी का आयोजन शाम 05 बजे से किया जाएगा। जिसमें 500 वर्षो बाद प्रभु श्रीराम के दिव्य भव्य मंदिर निर्माण के पश्चात प्रथम प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जिसमें सभी धर्म नगरी कवर्धा के समस्त सनातनी धर्मानुरागियों को आमंत्रित किया हैं। उक्त आयोजन कर्ता सहभागिता राजपूत क्षत्रिय समाज, सिंह नवयुवक मंडल एवं विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल कवर्धा द्वारा किया जा रहा है, उक्त जानकारी मनोज सिंह ठाकुर, विश्वजीत ठाकुर, योगेन्द्र सिंह, दुर्गेश सिंह ठाकुर सदस्यों द्वारा दी गई।

श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय कवर्धा जिला कबीरधाम (छ.ग.)

-: शपथ-पत्र :-

मैं ममता ठाकुर पति श्री ओकार सिंह ठाकुर जाति ठाकुर निवासी लोहारा मार्ग रामनगर वार्ड नं. 01 कवर्धा वि.ख. तह. कवर्धा जिला कबीरधाम छ.ग. का हूँ जो कि शपथ पूर्वक निम्न कथन करती हूँ

1.यह कि मेरे नाम पता विवरण उपरोक्तानुसार है।

2.यह कि मेरी पुत्री कु. ओमी ठाकुर एवं कु. दीपिका ठाकुर दोनों के जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम देवकी ठाकुर के नाम से जन्म प्रमाण पत्र जारी हुआ है।

3.यह कि जन्म प्रमाण पत्र के आवेदन में माता का नाम देवकी ठाकुर दर्ज को सुधार कर उसके स्थान पर माता का सही नाम- ममता ठाकुर दर्ज कर जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने के सबंध में यह शपथपत्र प्रस्तुत कि हूँ।

मै उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूँ कि उक्त शपथपत्र में वर्णित सभी तथ्य मेरे स्वतः की जानकारी से सत्य व सही है अतः आज दिनांक 03/01/2025 को कवर्धा में लिखाकर पढ़ा-सुन-समझकर अपना हस्ताक्षर/ नि.अ. किया हूँ।

शपथकर्ता
ममता ठाकुर

कलेक्टर ने निर्माणधीन आंगनबाड़ी भवनों की गुणवत्ता की सख्त मॉनिटरिंग के निर्देश दिए

जिले में 10.52 करोड़ की लागत से बन रहे 90 आंगनबाड़ी भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राज्य शासन की स्वीकृति से जिले में बच्चों और महिलाओं के पोषण और शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए दस करोड़ बावन लाख रूपए की लागत से 90 नए आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण किया जा रहा है। इन भवनों का निर्माण कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया और सहसपुर लोहारा विकासखंडों में हो रहा है। इनमें कवर्धा विकासखंड में 19, बोड़ला में 35, पंडरिया में 31 और सहसपुर लोहारा में 5 भवन बन रहे हैं।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शुक्रवार को कवर्धा विकासखंड के ग्राम दशरंगपुर में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन क्रमांक-1 का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण में गंभीर खामियां पाई गई। दीवारों के ऊपर बने स्लैब कमजोर थे और टाइल्स लगाने से पहले बेस मजबूत नहीं था। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी भवन बच्चों की शिक्षा और पोषण का आधार होते हैं। यदि इन भवनों की नींव ही कमजोर होगी, तो यह भविष्य में गंभीर समस्याएं खड़ी कर सकता है। कलेक्टर श्री वर्मा ने संबंधित निर्माण एजेंसी और जनपद पंचायत की मॉनिटरिंग व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण प्रक्रिया की हर स्तर पर गहनता से जांच होनी चाहिए और तय समय सीमा के भीतर निर्माण कार्य को पूरा किया जाए।

कलेक्टर ने जिले के कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया और सहसपुर लोहारा विकासखण्डों के सीईओ और तकनीकी सहायकों को निर्देश दिए कि वे सभी निर्माणाधीन भवनों का नियमित निरीक्षण करें और मॉनिटरिंग रिपोर्ट सीधे उनके कार्यालय में प्रस्तुत करें।

राज्य सरकार की स्वीकृति के तहत इन भवनों का निर्माण जिले के बच्चों और महिलाओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कलेक्टर ने विशेष रूप से सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्तापूर्ण सामग्री के उपयोग और निर्धारित मानकों का पालन करने पर जोर दिया।

गुणवत्ताहीन निर्माण में खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा कलेक्टर

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र भवन न केवल बच्चों की शिक्षा का केंद्र है, बल्कि उनके जीवन के लिए एक मजबूत आधार तैयार करता है। गुणवत्ताहीन निर्माण भविष्य के साथ खिलवाड़ है, जिसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस परियोजना के तहत पूरे जिले में निर्माणाधीन 90 आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर ने इन भवनों की गुणवत्ता पर विशेष मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं ताकि भविष्य में ऐसी किसी भी खामी को समय रहते दूर किया जा सके।

राम्हेपुर के बच्चों को कराया शैक्षणिक भ्रमण

- शैक्षणिक भ्रमण में छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठें।

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

बोड़ला विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला के बच्चो को शैक्षणिक भ्रमण के लिए डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी देवी दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं बच्चो ने सुन्दर अनुशासित ढंग से कतारबद्ध सीढ़ी चढ़ते हुए एवं जय माता दी का जयकारा लगाते हुए 1100 सीढ़ी चढ़कर मां बम्लेश्वरी देवी का दर्शन किए। साथ ही साथ सभी स्थलों का निरीक्षण किया तत्पचात राजनांदगांव स्थित मां पाताल भैरवी, रानी सागर में स्कूली छात्र छात्राओं ने झूला, नौका विहार का आदि का लुप्त उठाया। अंत में खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय भ्रमण किया। इस शैक्षणिक भ्रमण हेतु अनुमति जिला शिक्षा अधिकारी, पालकों से एवं शाला प्रबंध समिति से लिया गया था, साथ में स्वयं एसएमसी अध्यक्ष ऋषि मिश्रा, शाला प्रमुख एमआर कोमरे, राजकुमार साहू, नीलम वर्मा, छत्रपाल कश्यप एवं छात्र -छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण में शामिल हुए।

धान खरीदी केन्द्र रूसे में धान बेचने के लिए दर-दर भटक रहे हैं किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम धनेली के निवासी कृषक विष्णु चंद्राकर धान खरीदी केन्द्र रूसे में अपनी उपज धान फसल बेचने के लिए धान खरीदी केन्द्र रूसे के चक्कर लगाने मजबूर है दर दर भटक रहें है। मिली जानकारी के अनुसार कृषक विष्णु चंद्राकर धान खरीदी केन्द्र रूसे में धान बेचने पंजीयन कराया गया था, जिसमें हेक्टर 1.4900 का पंजीयन हुआ था, वहीं श्री चंद्राकर द्वारा 32 क्विंटल धान बेच चुका है, लेकिन बाकी 45 क्विंटल धान बेचने के लिए धान खरीदी केन्द्र रूसे के चक्कर व दर-दर भटकना पड़ रहा है। शासन प्रशासन द्वारा 14 नवम्बर से धान खरीदी प्रारम्भ किया गया वहीं क्षेत्र के ग्रामीण किसानों से टोकन के आधार पर धान क्रय किया जाता है। लेकिन क्षेत्र के ग्राम धनेली निवासी कृषक श्री चंद्राकर बाकी 45 क्विंटल धान बेचने रूसे धान खरीदी केन्द्र के चक्कर काटने मजबूर है। उन्होने बताया कि रकबा नंबर समर्पण कर बताया जा रहा है कम्प्यूटर में जबकि किसान द्वारा कोई समर्पण नहीं किया गया है, बचत 45 क्विंटल धान नहीं बताया जा रहा है। जिस पर उन्होने कलेक्टर खद्य शाखा व नोडल अधिकारी को ज्ञापन व शिकवा शिकायत कर 45 क्विंटल धान बिक्री का अनुमति जल्द से जल्द प्रदान किया जाए और जो त्रुटि हुआ है उसको सुधारा जाए ताकि किसान अपनी धान उपज बेच सके।

नवीन शासकीय महाविद्यालय कुण्डा में विश्व हिंदी दिवस मना

- छात्र-छात्राओं द्वारा हिंदी भाषा के महत्व पर भाषण एवं कविता प्रस्तुत किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

शासकीय नवीन महाविद्यालय कुण्डा में विश्व हिंदी दिवस पर महाविद्यालय की प्राचार्य के आदेशानुसार संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के तैल चित्र पर पूजा-अर्चना कर किया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा हिंदी भाषा के महत्व पर भाषण एवं कविता प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में हिंदी के अतिथि व्याख्याता झगर साहू का श्रीफल व शाल भेंटकर छात्र-छात्राओं द्वारा सम्मान किया गया।

सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए अतिथि व्याख्याता झगर साहू ने कहा कि हिंदी हमारी मातृ भाषा है, हिंदी का ज्ञान हम सभी को होना चाहिए। आज हम सब विश्व हिंदी दिवस के आयोजन में शामिल है, हिंदी भाषा को पूरे विश्व के मानस पटल पर अंकित करने व हिंदी भाषा के मान-सम्मान को पूरे विश्व पर प्रचारित करने हिंदी भाषा का देश और दुनिया में पहुंचने उद्देश्य से विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया जाता है।

हिंदी भाषा का एक अलग ही महत्व है, हिंदी ही है जो हमें संस्कार दे सकती है और शिक्षा के साथ-साथ संस्कार जरूरी है। कार्यक्रम का सफल संचालन अतिथि व्याख्याता पूर्णिमा साहू ने किया, इस अवसर अतिथि व्याख्याता केशव प्रसाद जायसवाल, दिव्या भारती, गुलाबा घृतलहरे, नंदिनी साहू, आकांक्षा श्रीवास, डॉ अंकेश तिवारी, धरम दिवाकर, गुरु ज्ञानिक सोनवानी, श्री राव एवं रामचंद्र कुंभकार, अंजू रजक, सौरभ धवलकर सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

एसपी की रात्रि गश्त से आम नागरिकों में विश्वास, अपराधियों में खौफ

हरिभूमि कवर्धा। जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आम नागरिकों के बीच सुरक्षा का भरोसा बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने 9 व 10 जनवरी की दरम्यानी रात शहर में पुलिस टीम के साथ रात्रि गश्त किया। इस दौरान उन्होंने अपनी टीम के साथ शहर के प्रमुख स्थानों का भ्रमण किया और पुलिस की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। साथ ही बेवजह घूमने वालों को रात में न घूमने की सख्त हिदायत दी। गश्त की शुरुआत सिग्नल चौक कवर्धा से हुई। पुलिस अधीक्षक ने यहां से बस स्टैंड और आसपास के क्षेत्रों में पैदल गश्त की जिससे जनता में पुलिस की सक्रिय उपस्थिति का स्पष्ट संदेश गया। उन्होंने बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और संवेदनशील स्थानों का पैदल भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तत्पश्चात उन्होंने पूरे शहर के अन्य इलाकों का दौरा किया और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी। इस दौरान डीएसपी कवर्धा कृष्ण कुमार चंद्राकर, थाना कोतवाली प्रभारी लालजी सिन्हा, यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो, थाना पिपरिया प्रभारी कमलाकांत शुक्ला, भोरमदेव प्रभारी अरविंद साहू और अन्य पुलिस कर्मी भी गश्त में शामिल थें। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने संवेदनशील क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठाए। राजमहल चौक पर ड्यूटी में तैनात पुलिस जवानों की सतर्कता और मुस्तैदी से प्रभावित होकर पुलिस अधीक्षक ने उनकी सराहना की और नगद इनाम देने की घोषणा की।

पीएम स्वनिधि योजना स्ट्रीट वेंडर्स के लिए वरदान से कम नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

निकाय अंतर्गत प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के तहत पथ विक्रेताओं फुटपाथ में दुकान लगाने वाले को 10 हजार रूपए का ऋण प्रदाय किया गया। इस योजना का उद्देश्य, कमजोर आय वर्ग को स्वयं के व्यवसाय बढ़ाने सहयोग करना है, जिनमें फुटकर व्यवसायी रेहणी वाले ठेला व छोटे व्यवसाय करने वाले लोग शामिल है। नगर पालिका कवर्धा अन्तर्गत पथ विक्रेताओं को बैंक के माध्यम से ऋण प्रदाय किया जा रहा है। जिसमे राष्ट्रीय शहरीय आजीविका मिशन की टीम शहरी पथ विकेताओं को पीएम स्व निधि योजनाओं से शत-प्रतिशत जोड़े जाने का काम किया जा रहा है। योजना अंतर्गत प्रथम किस्त 10 हजार, द्वितीय किस्त 20 हजार तथा तृतीय किस्त 50 हजार रूपए के ऋण, बैंकों के माध्य से दिया जाता है। योजना से लाभांवित पथ विक्रेताओं के परिवार का सामाजिक, आर्थिक प्रोफाइलिंग भी किया जा रहा है ताकि इन्हें शासन की अन्य योजनाओं का लाभ दिया जा सके।

राजस्व पटवारी संघ का तहसील अध्यक्षों का निर्वाचन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के तहसील अध्यक्षों का निर्वाचन शुक्रवार को कर्मचारी भवन कवर्धा में संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से कवर्धा तहसील अध्यक्ष लिए नितेश यदु, पंडरिया से संदीप ठाकुर, बोड़ला तहसील अध्यक्ष के लिए लिलक साहू तथा लोहारा अध्यक्ष के लिए सूर्यकांत देवांगन का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया। इसी तारतम्यता में दोपहर 12 बजे से नामांकन के साथ ही मतदान व मतगणना का कार्य पूरा किया जाना था, किन्तु निर्वाचन की स्थिति निर्मित नहीं हुई, सभी सदस्यों ने आपसी सहमति से अध्यक्षों का मनोनयन कर लिया। राजस्व पटवारी संघ जिलाध्यक्ष पालेश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि ये संघ के लिए बहुत उत्साह का विषय है कि सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया। सभी नवनिर्वाचित अध्यक्षों ने संघ हित में हमेशा काम करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की, इस दौरान वरिष्ठ पटवारी गेंदूराम मेरावी, शिव पाली, भागबली घृतलहरे, नंदू राडेकर, मोनू वर्मा, निर्मल साहू, प्रवीण चंद्रवंशी, सहदेव पनागर, शशांक तिवारी, पीलाराम चंद्राकर, देवकुमार साहू, टाकेश्वरी वर्मा, रामचंद साहू, मनोज बांधकर तथा प्रांतीय कोषाध्यक्ष सतीश चंद्राकर उपस्थित थे।

पीजी कॉलेज में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान चलाया गया

हरिभूमि कवर्धा। छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के मनसानुरूप विकसित छत्तीसगढ़ के विभिन्न लक्षणों में से एक लक्ष्य महाविद्यालय में स्वीकृत सीट पर शपथ प्रतिशत प्रवेश करने हेतु पोषक विद्यालय का चिन्हकन कर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जन जागरूक करने विषय पर तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की संपूर्ण जानकारी प्रदान करने हेतु आदेशित पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत महाविद्यालय के कार्यक्रम संयोजक डॉ दीप्ति जांगड़े के दिशा निर्देशों में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान सदस्यों द्वारा कवर्धा जिले के पोषित विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपालन में संपूर्ण नई शिक्षा नीति का जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान किया गया। इस पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत पीजी कॉलेज कवर्धा के पोषक विद्यालय अंतर्गत आने वाले निम्न विद्यालय स्वामी आत्मानंद, शासकीय कन्या नवीन विद्यालय कचहरी पारा, स्वामी आत्मानंद शासकीय नवीन विद्यालय एकता चौक, स्वामी आत्मानंद शासकीय नवीन विद्यालय अंग्रेजी माध्यम, स्वामी करपात्री जी स्कूल, रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा, शासकीय उच्चतर विद्यालय बिरकोना, शासकीय उच्चतर विद्यालय महाराजपुर, शासकीय उच्चतर विद्यालय उड़िया खुर्द, शासकीय उच्चतर विद्यालय खैरबना कला में विजिट कर 11वीं व 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को नई शिक्षा नीति 2020 की जानकारी दी गई तथा उनके बेहतरीन भविष्य के लिए पीजी कॉलेज कवर्धा में संचालित विभिन्न विषयों तथा उनके होने वाले महाविद्यालय में सुविधाओं के बारे में अवगत कराया गया। इसके साथ ही एक्स्ट्रा करिकुलम की भी जानकारी दी गई, यह पोषक विद्यालय संपर्क अभियान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ रिचा मिश्रा के निर्देशन में सफलता पूर्वक किया गया, इस पोषक अभियान में विद्यालयों में संपर्क करने हेतु महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ दीप्ति टिकरिया, डॉ सुनीता जाखड़, श्रीमती आकांक्षा वर्मा, डॉ राकेश चंदेल, कृष्णा बंजारे, डॉ कविता कनौजे, जय मेहरा एवं भानुप्रताप सिंह द्वारा महाविद्यालय के इस पोषक विद्यालय संपर्क अभियान का सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

पाठक सूचना

कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

पुलिस टीम ने नगद 2160 रूपए व ताश किया जब्त

दशरंगपुर पुलिस ने नौ जुआड़ियों को रंगे हाथों दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭दशरंगपुर

दशरंगपुर पुलिस ने नौ जुआड़ियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए कुल 2160 नगद और 52 ताश की पत्तियां बरामद कीं है। वहीं दशरंगपुर पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 3 (2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम, 2022 के तहत मामला दर्ज किया है। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा समस्त थाना चौकी प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है जिसमें अपराध व अपराधिक मामलों जिसमे जुआ, सट्टा पट्टी, अवैध शराब बिक्री व परिवहन में अकुंश लगाने लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन और डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर के नेतृत्व में की गई। जिसमें चौकी दशरंगपुर प्रभारी उप निरीक्षक लक्ष्मीनारायण साव ने टीम के साथ मिलकर इस कार्रवाई को अंजाम दिया। शुक्रवार को विश्वनीय मुखबिर से सूचना मिली कि दशरथ तालाब के पार ग्राम दशरंगपुर में कुछ लोग ताश के पत्तों पर पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं कि सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस बल और गवाहों के साथ छापा मारा गया। छापे के दौरान रंगे हाथ पकड़े गए नौ जुआड़ियों जिसमें गजराज चंद्राकर, पिता लालाराम आयु 23 वर्ष निवासी सुखाताल चौकी खंडसरा जिला बेमेतरा, करन चंद्राकर पिता उतरा आयु 21 वर्ष निवासी नवागांव बनियाडीह, जिला बेमेतरा, महेश चंद्राकर पिता शत्रुहन आयु 27 वर्ष निवासी खंडसरा चौकी दशरंगपुर जिला कबीरधाम, पुरन चंद्राकर पिता बंशी आयु 24 वर्ष निवासी दशरंगपुर चौकी दशरंगपुर जिला कबीरधाम, अंकित केशरी, पिता सतीश आयु 20 वर्ष निवासी दशरंगपुर चौकी दशरंगपुर जिला कबीरधाम, देव यादव पिता अधारी आयु 26 वर्ष निवासी पचपेड़ी जिला धमतरी, गुलशन चंद्राकर पिता तोपसिंह आयु 22 वर्ष निवासी रमपुरा चौकी खंडसरा जिला बेमेतरा व पवन चंद्राकर पिता बलदाऊ आयु 19 वर्ष निवासी दशरंगपुर जिला कबीरधाम तथा गंगाराम साहू पिता रामसहाय आयु 30 वर्ष निवासी अगरीकला चौकी दशरंगपुर थाना पिपरिया जिला कबीरधाम को गिरफ्तार किया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में रहता है सन्नाटा

हरिभूमि कवर्धा। इन दिनों क्षेत्र के ग्रामीण किसान कृषि किसानी कार्य में व्यस्त है वहीं ग्रामीण सुबह से देर शाम तक अपना खेती किसानी का कार्य किया जा रहा है वहीं सुबह से ही ग्रामीण क्षेत्रों में सन्नाटा पसरा रहता है। जिसमें ग्रामीण किसान चना व गेहू तथा गन्ना फसल की तैयारियो में जुटे हुए है।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

चुनाव: कवर्धा नगर पालिका में एक अनार सौ बीमार की स्थिति

नगरीय निकाय चुनाव के लिए संभावित दावेदारों ने शुरू की अपनी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगरीय चुनाव के लिए वार्ड पार्षदों और अब जिले के नगरीय निकायों के अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण तय होने के साथ ही सरगर्मी तेज होने लगी है। माना जा रहा है कि इस बार का नगरीय निकाय चुनाव पिछले नगरीय चुनाव से कुछ अलग होगा। एक तो जब वर्ष 2019 में नगरीय निकाय चुनाव हुआ था उस समय प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता थी और विपक्ष में भाजपा बैठी थी। लेकिन इस बार उल्टा है अब विपक्ष में कांग्रेस बैठी है और प्रदेश की सत्ता में भाजपा काबिज है।

फिर इस बार नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद का चुनाव प्रत्यक्ष ढंग से किया जाना तय किया गया है। ऐसे में निश्चित रूप से इस बार का नगरीय निकाय चुनाव पिछले चुनाव से कुछ अलग होगा। हालांकि भले ही नगरीय निकायों के वार्ड पार्षदों से लेकर अध्यक्ष पदों का आरक्षण तय कर दिया गया हो लेकिन अभी तक न तो चुनाव की तिथियों का ऐलान किया गया है और न ही किसी राजनैतिक दल ने अपने अधिकृत प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की है। लेकिन फिर भी आरक्षण तय होने के बाद नगरीय निकाय चुनाव के अखाड़े में दो-दो हांथ करने का दमखम व इच्छा रखने वाले सम्भावित दावेदारों ने अपनी-अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। भाजपा और कांग्रेस के इन संभावित दावेदारों ने अपनी तैयारियों के तहत जहां अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं से मेलमुलाकात करना शुरू कर दिया है वहीं टिकट के लिए पार्टी के आला नेताओं का आशिर्वाद पाने के लिए उनके चक्कर काटना तथा उनसे संपर्क बनाना भी शुरू कर दिया है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि इस कवर्धा, पंडरिया नगर पालिका सहित जिले की नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से सीधे मतदाताओं द्वारा किया जाना है। ऐसे में माना यही जा रहा है कि पिछले चुनाव की अपेक्षा इस बार अध्यक्ष पद के दावेदारों की सूची काफी लम्बी हो सकती है। ऐसे में राजनैतिक दलों के सामने भी यह गंभीर संकट होगा कि वह अपने किस कार्यकर्ता को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित करे और किसे नाराज करे।

यही वजह है कि नगरीय निकायों के अध्यक्ष पद को लेकर बढ़ती प्रतिस्पर्धा को देखते हुए दावेदारों ने भी अभी से टिकट के लिए हांथ पैर मारना शुरू कर दिया है। देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले समय में जिले में होने वाला नगरीय निकाय चुनाव किस दिशा में जाता है और कौन कहां से बाजी मारता है।

कवर्धा नगर पालिका के लिए दावेदारों की लम्बी कतार

इस बार कवर्धा नगर पालिका का अध्यक्ष पद ओबीसी मुक्त के लिए आरक्षित किया गया है। ऐसे में यहां अध्यक्ष पद के लिए ओबीसी वर्ग से महिला अथवा पुरूष दोनो चुनावीरण में ताल ठोंक सकते हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस वर्ग से दोनों ही प्रमुख राजनैतिक दल भाजपा और कांग्रेस के अलावा अन्य दूसरी पार्टियों से दर्जनो की संख्या में दावेदार हैं जो चुनावीरण में ताल ठोंकते हुए आने वाले दिनो में सामने आ सकते हैं। इसके अलावा ऐसी संभावना जताई जा रही है कि स्वतंत्र उम्मीदवारों की संख्या भी इस बार के नगरीय निकाय चुनाव में बढ़ सकती है। जो निश्चित रूप से नगरीय निकाय चुनाव को काफी रोचक और कांटे की टक्कर वाला तो बनाएगी ही साथ ही यहां एक अनार और सौ बीमार की नौबत भी देखने को मिल सकती है।

नगर पालिका के लिए भाजपा ने नियुक्त किए पर्यवेक्षक

छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी ने आगामी नगर पालिका चुनावों के मद्देनजर बड़ी घोषणा की है। पार्टी ने प्रत्याशी चयन प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न नगर पालिकाओं में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। ये पर्यवेक्षक प्रत्येक नगर पालिका में प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और रिपोर्ट पार्टी नेतृत्व को सौंपेंगे। जानकारी के मुताबिक कवर्धा नगरपालिका के लिए लोकेश कावड़िया तथा पंडरिया नगर पालिका के लिए गौरीशंकर श्रीवास को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

सफाई मित्र व स्वच्छता दीदी का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

- मोबाईल मेडिकल यूनिट से हो रहा निःशुल्क ईलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगरीय प्रशासन और विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत नगर पालिका कवर्धा क्षेत्र में रहने वाले लोगों का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है प्रतिदिन अपने निर्धारित स्थान पर सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक दो पालियों में मोबाईल मेडिकल यूनिट पहुंचकर अपनी सेवा दे रहे है। छत्तीसगढ़ सरकार की पहल पर झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले गरीब परिवारों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत अब तक कुल 1 लाख 84 हजार 582 लोगों का इलाज मेडिकल टीमों द्वारा मोबाइल मेडिकल यूनिट में किया जा चुका है। इस योजना के तहत डॉक्टर्स, पैरामेडिकल टीमों, चिकित्सा उपकरणों और दवाओं से लैस 3 मोबाइल मेडिकल यूनिट पूरे कबीरधाम जिले के शहरी क्षेत्रों में झुग्गी समुदायों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर रही हैं इस योजना के माध्यम से अब तक लगभग कुल 1 लाख 84 हजार 582 रोगियों का ईलाज किया जाकर 1 लाख 79 हजार 830 मरीजो को निःशुल्क दवा वितरण किया जा चुका है। मोबाईल मेडिकल यूनिट में पैथोलॉजी जांच भी किया जाता है। शहरी क्षेत्र में शिविर होने के कारण अधिक से अधिक लोगों ने निःशुल्क इलाज और जांच का लाभ उठाया।

खबर संक्षेप

सांसद संतोष पाण्डेय बने संभागीय संयोजक

कवर्धा। राज्य में नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों की तैयारियां जोरों पर हैं। हालांकि, चुनाव की तारीखों का ऐलान अब तक नहीं हुआ है।

भाजपा ने चुनाव संचालन के लिए सक्रियता बढ़ाते हुए आठ सदस्यीय समिति का गठन किया है। इसके बाद पार्टी ने शुक्रवार को विभिन्न संभागों के संयोजकों की नियुक्ति की घोषणा कर दी। भाजपा ने चार प्रमुख संभागों की जिम्मेदारी वरिष्ठ नेताओं को सौंपी है। दुर्ग संभाग की जिम्मेदारी राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय को दी गई है। इन्हें दुर्ग संभाग का संयोजक बनाया गया है। इससे पहले सांसद पांडेय कई महत्त्वपूर्ण चुनावो में बड़ी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुके हैं। परिणाम भी अच्छा दिए हैं।

रिकार्ड शक्कर उत्पादन की ओर कारखाना

कवर्धा। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना में पेराई सत्र 2024-25 सुचारू रूप से जारी है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी गोपाल वर्मा ने कारखाने का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशासनिक भवन में गन्ना किसानों को जारी पर्चियों और भुगतान प्रक्रिया की जानकारी ली। कलेक्टर श्री वर्मा ने कारखाना प्रबंधन को निर्देशित किया कि किसानों की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए कारखाने का संचालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने गन्ना विक्रय के लिए पहुंचे किसानों से चर्चा की और उनकी समस्याओं को सुना। इसके बाद उन्होंने मिल सेक्शन, पावर जनरेशन सेक्शन, और प्रोसेसिंग सेक्शन का निरीक्षण किया। उन्होंने कारखाने के अधिकारियों और कर्मचारियों को पेराई सत्र 2024-25 के निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश ।

चिल्फी में संचालित गैस एजेंसी बंद होने के कगार पर

संचालक ने दिया घाटे का हवाला

हरिभूमि न्यूज ⏭चिल्फीघाटी

जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंगतर्गत वनांचल ग्राम चिल्फीघाटी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को सुगमता व सहजता से रसोई गैस रिफलिंग कराने की सुविधा मुहैया कराने की मंशा से शासन-प्रशासन द्वारा चिल्फी मुख्यालय में समूह के माध्यम से प्रारंभ कराई गई आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित चिल्फी पंजीयन क्रमांक 2021 गैस एजेंसी के संचालक ने अब घाटे का रोना रोते हुए गैस ऐजेंसी को बंद करने का मन बना लिया है और इसके लिए संचालक ने बकायदा एक आवेदन प्रशासन को सौंपने की भी तैयारी कर ली है। बताया जाता है कि इस बात की भनक लगते ही अब क्षेत्र के रसोई गैस उपभोक्ताओं का टेंशन बढ़ गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार केन्द्र सरकार द्वारा लोगों को धुंआ रहित तथा आदर्श ईंधन उपलब्ध कराने की मंशा से प्रधानमंत्री उज्जवला योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना के तहत जिले सहित विकासखण्ड बोड़ला क्षेत्र के वनांचलों में बड़ी संख्या में उज्जवला योजना के रसोई गैस सिलेंडर तथा चूल्हा का वितरण किया गया है। लेकिन समस्या ये थी कि चिल्फी वनांचल क्षेत्र के उपभोक्ताओं के पास खाली रसोई गैस सिलेंडर को रिफलिंग कराने के लिए नजदीक में कोई ऐजेंसी नहीं थी और उन्हें रिफिलिंग के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। जिसके चलते लोगों को उज्जवलायोजना का रसोई गैस सिलेंडर काफी मंगहगा पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए

क्षेत्रवासियों की मांग पर शासन-प्रशासन ने करीब सात वर्ष पूर्व चिल्फी मुल्यालय में महिला समूह द्वारा संचालित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित चिल्फी पंजीयन क्रमांक 2021 गैस एजेंसी प्रारंभ कराई थी। बताया जाता है कि इस ऐजेंसी में क्षेत्र के करीब 3500 रसोई गैस सिलेंडरधारी उपभोक्ता पंजीकृत हैं इसके अलावा कामर्शिल गैस सिलेंडर भी पंजीकृत है। क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने बताया कि सब कुछ ठीक चल रहा था। लेकिन अचानक अब ऐंजेंसी संचालक ने घाटा का रोना रोते हुए ऐजेंसी बंद करने का निर्णय ले लिया है। संचालक के इस फैसले से वनांचल में हड़कंप मच गया है। उक्ताओं को इस बात की चिंता सताने लगी है कि अगर वास्तव में ऐजेंसी बंद कर दी जाती है तो फिर वे रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति कहां से करेंगे। उन्होने शासन-प्रशासन से इस समस्या के समाधान की मांग की है।

कर्मियों तीन वर्ष भुगतान नहीं

बताया जाता है कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित चिल्फी गैस एजेंसी में कार्य करने वाले दो कर्मचारियों का लगभग 3 वर्षों से वेतन का भुगतान एजेंसी संचालक द्वारा नहीं किया गया है। वहीं आदिम जाति सेवा सहकारी मर्यादित चिल्फी गैस एजेंसी में लगभग तीन महीनो से लाइसेंस की वैधता भी खत्म हो चुकी है जिसका संचालक द्वारा नवीनीकरण भी नहीं कराया गया है।

घाटे में चल रही ऐजेंसी, खपत नहीं

इस संबंध में मनोज चंद्राकर ने बताया कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के माध्यम से गैस एजेंसी संचालित किया गया था। जिसके संचालन को करीब 84 महिने बीत चुके हैं और अभी तक 37 लोड हुआ है। ऐजेंसी में कहने को 3500 पंजीकृत उपभोक्ता हैं लेकिन रिफिल नहीं की मात्रा में होता है। महीने में लगभग 120 टंकी बिक रहा है। गैस एजेंसी 563000 रूपए के घाटे में चल रही है। वर्तमान में गैस एजेंसी के खाते में सिर्फ 74000 रूपए शेष बचा हुआ है। इस स्थिति में ऐजेंसी चलाना संभव नहीं है। हर हमेशा रसोई गैस के दामो में हो रहे उतार चढ़ाव से भी इसकी खपत में कमी का रही है यहीं वजह है कि रसोई गैस एजेंसी को बंद करने का निर्णय लिया गया है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश एवं पहल पर वनांचल क्षेत्र में जरूरतमंद परिवारों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन गत दिनो किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ठंड के मौसम में वनांचल क्षेत्रवासियों को राहत पहुंचाना था। कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत बोक्करखार और शम्भूपीपर में निवासरत 1000 आदिवासी बैगा परिवारों को कंबल वितरित किए गए। कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांशीराम उइके, राजेश साहू, अमित वर्मा, नरेश चंद्रवंशी, बजरहा पटेल, अजय वर्मा, बद्रीप्रसाद वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के

संदेशों को बताते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य हर जरूरतमंद व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस कंबल वितरण के माध्यम से हम उन परिवारों तक राहत पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं, जो सर्दी के मौसम में अपनी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम नहीं होते। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान ग्राम बोक्करखार और शम्भूपीपर के लोगों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया और बताया कि सर्दी के मौसम में यह कंबल उनके लिए बहुत बड़ी राहत साबित होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत हर परिवार को कंबल दिया गया, जिससे वे ठंड से बच सकेंगे और अपनी दैनिक जिंदगी को बेहतर तरीके से जी सकेंगे। इस पहल से आदिवासी बैगा परिवारों को कड़ी सर्दी से राहत मिली है।

पिपरिया में सुलभ शौचालय का किया गया रंग रोगन

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

छत्तीसगढ़ सरकार के मंशानुरूप अरूण साव, उप मुख्यमंत्री एवं मंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत नगर पंचायत पिपरिया के वार्ड क्रमांक 15 में संचालित सामुदायिक शौचालय का मरम्मत एवं रंग रोगन कराया गया। जिससे नगरवासियों लाभांवित हो रहे है, तथा इसके लिए नगरीय प्रशासन मंत्री श्री साव का आभार व्यक्त किया जा रहा है एवं भविष्य में भी पिपरिया नगर को विकसित करने की मांग की गई है। इसी तरह नगर पंचायत पिपरिया में प्रधानमंत्री आवास योजना का भी सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। नगर के सभी वार्डो में पात्र हितग्राहियों ने पीएम आवास स्वीकृत कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

युवा ग्राम कल्याण समिति ने वनवासियों को किया कंबल वितरण

कोदवागोड़ान। जिले की एक समाजसेवी संस्था द्वारा वनांचलवासी और सर्वाधिक पिछड़ी बैगा जनजाति के बीच सेवा, सद्भाव और जनजागरण का अनुकरणीय कार्य निरंतर जारी है। समिति के सेवाभावी सदस्यों द्वारा गत दिवस सुदूर पहाड़ों पर स्थित बैगा बहुल ग्राम पंडरीपानी विकास खण्ड पडरिया मे स्वच्छता अभियान के साथ साथ बैगा वनवासियों की बैठक लेकर उन्हें नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उन्हें ठंड से बचाव की दृष्टि से साल, स्वेटर, और ब्लैकेट के अलावा साड़ी व गमछे भी वितरित किए गए। समिति के आत्मीय व्यवहार और मिले सहयोग से बैगा वनवासी महिला पुरुष और बच्चों के चेहरों में जहां खुशी झलक रही थी, वहीं उनकी आंखों में कृतज्ञता के भाव भी दिखाई दे रहे थे। समिति के संयोजक प्रेम सिंह टेकाम ने बताया कि हमारी समिति के द्वारा समाज में जनजागरण के साथ साथ लोगों के सुख दुख में दानदाताओं के सहयोग से यथासंभव सहायता दी जाती है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विक्रम साहू, पंडरिया ब्लॉक अध्यक्ष अयोध्या सिंह ठाकुर, कवर्धा ब्लॉक अध्यक्ष गोविन्द पटेल, बोडला ब्लॉक अध्यक्ष रोहित भारती, सहसपुर लोहारा अध्यक्ष लीलाधर यादव, जिला उपाध्यक्ष कार्तिक पटेल, शेर सिंह सत्यवशी, सुकराती पटेल, सहदेव निषाद, मनमोहन दास मानिकपुरी, जिला सचिव दूजराम जायसवाल, मिलन जायसवाल, संस्थापक सदस्य अघनू सिह ध्रुवे, शिकारी बैगा, बुद्धि जीवी समाज सेवक मनोज चन्द्राकर, दानदाता अंशुल गुप्ता उपस्थित थे।

टीबी, कुष्ठ व रक्त रोगों की जांच, सकारात्मक जागरूकता और सतर्कता की दिशा में अनोखा कदम

पंडरिया कारखाना में निक्षय निरामय अभियान का विशेष स्वास्थ्य शिविर लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

स्वास्थ्य का अधिकार हर नागरिक का मौलिक अधिकार है, और जब यह सेवाएं हर व्यक्ति के दरवाजे तक पहुंचती हैं, तब एक निरामय समाज की नींव रखी जाती है। इसी उद्देश्य से सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया में निक्षय निरामय अभियान के अंतर्गत एक विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।

इस शिविर का उद्देश्य श्रमिक समुदाय और स्थानीय लोगों को टीबी (क्षय रोग) कुष्ठ और अन्य रक्त संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूक करना और मुफ्त जांच एवं उपचार की सुविधाएं प्रदान करना था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. बीएल राज के मार्गदर्शन में और विकासखंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) डॉ. अनामिका पटेल के नेतृत्व में इस विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पंडातराई और उपस्वास्थ्य केंद्र परसवारा की टीम ने संयुक्त रूप से भाग लिया। यह शिविर श्रमिकों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था, जिसमें न केवल जांच की गई, बल्कि उन्हें स्वस्थ रहने के उपाय भी बताए गए।

कुल 203 लोगों की स्क्रीनिंग व परीक्षण

इस विशेष स्वास्थ्य शिविर में कुल 203 लोगों की स्क्रीनिंग और परीक्षण किए गए। टीबी और कुष्ठ रोग की स्क्रीनिंग संभावित लक्षणों वाले मरीजों को आगे के उपचार के लिए संदर्भित किया गया। इसी प्रकार रक्त रोग परीक्षण टीबी सम्भावित 14 लोगों को स्पुटम कंटेनर दिया गया। शिविर में 15 लोग स्किन समस्या से ग्रस्त मिले। 133 लोग की बीपी व शुगर जांच की गई। वहीं 101 व्यक्तियों का सिकल सेल परीक्षण, 69 व्यक्तियों का हीमोग्लोबिन (एचबी) परीक्षण किया गया।

एचएमपीवी वायरस के देश में 8 केस मिलने के बाद जिला अस्पताल अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

चीन में फैले ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस के भारत में 8 मामलों की पुष्टि के बाद जिला अस्पताल कबीरधाम सतर्क हो गया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले में मौसमी बीमारियों के प्रभावी रोकथाम के लिए स्वास्थ्य अमले को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए है। जिला चिकित्सा अधिकारियों ने लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं बताते हुए कोविड के दौरान अपनाई गई सावधानियों का पालन करने का आग्रह किया है। मास्क पहनना, सोशल डिस्टेंसिंग और बार-बार हाथ धोना आवश्यक बताया गया है। सीएमएचओ डॉ. बीएल राज ने बताया कि एचएमपीवी बच्चों और बुजुर्गों पर ज्यादा असर डालता है। 5 साल से कम उम्र के बच्चों, 65 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों, कमजोर इम्यूनिटी वाले और अस्थमा जैसी बीमारियों से ग्रस्त व्यक्तियों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में दवाओं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है। डॉ. राज ने बताया कि वायरस मुख्य रूप से खांसने, छींकने से निकलने वाले ड्रॉपलेट्स या संक्रमित सतहों को छूने के बाद नाक, मुंह या आंखों को छूने से फैलता है। इसके लक्षण कोरोना वायरस जैसे हैं, जिसमें सांस लेने में कठिनाई, बुखार और खांसी शामिल हैं। संक्रमण के लक्षण दिखने पर तुरंत उपचार कराने की सलाह दी गई है।

स्वास्थ्य विभाग ने दिए निर्देश

स्वास्थ्य विभाग ने जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों को सतर्क रहने और पैरासीटामॉल व एंटीबायोटिक जैसी आवश्यक दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचने और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने का आग्रह किया गया है।